

दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-65 | सीहोर, गुरूवार 24 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## हाथ में एके-47 और पठानी सूटः पहलगाम के हमलावर आतंकी की तस्वीर आई सामने, पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी



पहलगाम (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दिल दहला देने वाले आतंकी हमले के एक दिन बाद, एक हमलावर की तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर घटनास्थल की बताई जा रही है, जिसमें हमलावर पठानी सूट पहने हुए और हाथ मे AK-47 थामे दिखाई दे रहा है। हालांकि, तस्वीर में उसका चेहरा स्पष्ट नहीं है।घटना के बाद से सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया है। आर्मी, सीआरपीएफ, एसओजी और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ऑपरेशन चला रही है। आतंकियों की तलाश में ड्रोन और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल हो रहा है। मुगल रोड पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं।हमले के तुरंत बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की टीम श्रीनगर पहुंच चुकी है। एनआईए ने हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है और सबूत जुटाने में लगी है। सुरक्षाबलों के ऑपरेशन के पूरा होते ही एनआईए ने ग्राउंड पर जांच शुरू कर दी।इस भीषण हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए और 17 से अधिक घायल हुए हैं। हमलावरों ने पहलगाम की बैसारन घाटी में पर्यटकों को निशाना बनाया और चुन-चुनकर लोगों पर गोलियां चलाईं। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दौरा बीच में ही छोड़कर आज सुबह भारत लौट आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर NSA अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव ने पीएम को हमले की पूरी जानकारी दी। मंगलवार को ही प्रधानमंत्री ने सऊदी से हालात का आकलन कर लिया था।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पहलगाम का दौरा करेंगे, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्हें फोन कर घटना पर चर्चा की और पूरी रिपोर्ट मांगी है।


### पहलगाम हमले में 2 लोकल, 3 पाकिस्तानी आतंकी शामिल, 1450 लोग हिरासत में लिए गए

नई दिल्ली (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। इस हमले में पर्यटकों को निशाना बनाया गया, जिससे पर्यटन वाले राज्यों में भी विशेष निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं, आतंकी हमले के बाद बड़ा एक्शन हुआ है। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे दक्षिण कश्मीर में 250 से ज़्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर शुरू की गई गहन जांच और पूछताछ अभियान के तहत इन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा कश्मीर में करीब 1200 लोगों को हिरासत में लिया गया है जो आतंकवाद से संबंधित मामलों में आरोपी हैं। कुल मिलाकर 1450 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे।



### जम्मू-कश्मीर सरकार ने मुआवजे का किया ऐलान, मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 10 लाख

*जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मे मंगलवार को हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई बेगुनाह लोगों ने अपनी जान गंवाई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। इस दुखद घटना के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारो के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की है।सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपये और घायलों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई।*



पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद सुरक्षा बल वाहनों की जांच कर रहे हैं।

## भारत ने पाक से सिंधु समझौता स्थगित किया, अटारी बॉर्डर बंद होगी, पाक नागरिक-राजनायिक भारत छोड़ेंगे

**-पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस बैठक में लिया गया फैसला**



नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत ने बड़ा राजनयिक कदम उठाते हुए सिंधु समझौता स्थगित कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों से कहा गया है कि 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ दें, इसके साथ ही अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया गया है। अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत नहीं दी जाएगी। वहीं इसके साथ ही सेना को भी हाई अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीए की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कई सख्त फैसले लिए।

भारत ने पाकिस्तान से सिंधु समझौता स्थगित कर दिया।

एक मई से अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया गया है। 48 घंटे में पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाक राजनायिकों को भी भारत छोड़ने का आदेश दिया है। सेना को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई जो कि 2.30 घंटे चली। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में पहलगाम के दौरे से वापस लौटे गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी सहित सभी अन्य राजनेताओं से पूरी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी दी।सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला।

### पहलगाम आतंकी हमला : राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह से की बातचीत, पीड़ितों के लिए की न्याय की मांग

नई दिल्ली,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (LoP) राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी ली है।



राहुल गांधी ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से भी फोन पर बात की और घटना की स्थिति पर अपडेट लिया।अमित शाह और अन्य नेताओं से बात करने के बाद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात की। स्थिति पर अपडेट प्राप्त किया। पीड़ितों के परिवार न्याय और हमारे पूर्ण समर्थन के हकदार हैं।हमले को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि पर्यटकों की इस तरह हत्या और घायल होना दिल को तोड़ देने वाली और अत्यंत निंदनीय घटना है।

## भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा....पहलगाम हमले पर बोले शाह



जम्मू, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले पर देशभर में रोष व्याप्त है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए मृतकोंको श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के घटनास्थल बैसारन क्षेत्र पहुंचे। पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में UP, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और UAE के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए।

### इससे हमारा कोई लेन-देना नहीं,पहलगाम अटैक पर आया पाकिस्तान का पहला बयान; भारत पर ही लगा दिए आरोप

नई दिल्ली , (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद जहां भारत में शोक और आक्रोश का माहौल है, वहीं पाकिस्तान की ओर से इस हमले पर सफाई देने के साथ-साथ विवादित बयान भी सामने आए हैं। इस हमले में अब तक 27 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि इस हमले से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है। हम हर तरह के आतंकवाद की निंदा करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने भारत पर ही हमला बोलते हुए कहा कि इस हमले के पीछे खुद भारत के लोग भी हो सकते हैं।ख्वाजा आसिफ ने कहा, भारत के नागालैंड, मणिपुर और कश्मीर में लोग सरकार के खिलाफ हैं। भारत सरकार अल्पसंख्यकों को शोषित कर रही है – चाहे वे बौद्ध हों, ईसाई हों या मुसलमान। इसलिए लोग आवाज उठा रहे हैं। इस बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर का एक पुराना बयान भी वायरल हो रहा है, जो उन्होंने 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था।

### तमिलनाडु के नमक्कल में दलितों को मंदिर में प्रवेश से रोका गया, सवर्णों ने जताया विरोध

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु में नमक्कल जिले के एक गांव में मंदिर में चल रहे वार्षिक उत्सव के दौरान दलितों को प्रवेश देने से मना कर दिया गया।

घटना मंगलवार को वीसनम गांव की बताई जा रही है, जहां के महा श्री मरिअम्मन मंदिर में वार्षिक उत्सव चल रहा था। यहां कुछ दलित भी उत्सव में भाग लेने आए हुए थे।मंदिर में मौजूद सवर्ण जाति के लोगों ने इसका विरोध किया और उनको मंदिर में प्रवेश देने से मना कर दिया।स्थानीय तमिल मीडिया का दावा है कि सवर्ण लोगों ने दलितों को इस मंदिर में पूजा करने के बजाय अपना खुद का मंदिर बनाने को कहा।उन्होंने मंदिर उत्सव की पहचान के लिए लगाए गए कंबम (उत्सव के दौरान पहचान के लिए लगाया जाने वाला स्तंभ) भी हटा दिया और उसे कुएं में फेंक दिया।

### पहलगाम आतंकी हमलाः हनीमून मनाने गए नेवी अफसर की मौत, 7 दिन पहले हुई थी शादी

श्रीनगर, (आरएनएस)। हरियाणा में करनाल के रहने वाले 26 वर्षीय विनय नरवाल के घर मातम पसरा हुआ है। उनके घर में लोगों की शादी की थकान मिटी भी नहीं थी कि नरवाल की मौत की खबर आ गई।भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट नरवाल की शादी 16 अप्रैल को गुरूग्राम की हिमांशी से हुई थी। दोनों 21 अप्रैल को हनीमून के लिए जम्मू-कश्मीर गए थे। बुधवार को पहलगाम के बैसरन घाटी में नरवाल को आतंकियों ने गोली मार दी, जबकि हिमांशी सुरक्षित हैं।नरवाल की शादी देहरादून में हुई थी और उन्होंने 19 अप्रैल को करनाल में रिसेप्शन पार्टी दी थी। इसके बाद नवविवाहित दंपति 21 अप्रैल को दिल्ली से जम्मू-कश्मीर रवाना हो गए थे। नरवाल अपने माता-पिता की इकलौते बेटे थे और 3 साल पहले नौसेना में भर्ती हुए थे। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल है, जिसमें पति शव के पास महिला बैठी है, वह हिमांशी और विनय की है।हिमांशी ने बताया कि आतंकियों ने धर्म पूछकर गोली मारी थी।भारतीय नौसेना की ओर से एक बयान जारी किया गया है, जिसमें विनय नरवाल की मौत पर दुख जताया गया है। नौसेना ने लिखा, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सभी कार्मिक लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की दुखद मृत्यु से स्तब्ध और बहुत दुखी हैं।






### नागरिक उड्डयन मंत्री ने श्रीनगर से चार अतिरिक्त उड़ानों का किया ऐलान

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रभावित पर्यटकों और पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं।

मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और संबंधित अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में काम करते हुए चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। तत्काल राहत उपायों के हिस्से के रूप में श्रीनगर से चार विशेष उड़ानों (दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए) की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त उड़ानों को स्टैंडबाय पर रखा गया है ताकि निकासी की आगे की जरूरतों को पूरा किया जा सके। राम मोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ एक तत्काल बैठक की और सर्ज प्राइसिंग के खिलाफ सख्त सलाह जारी की।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सेना ने दो आतंकी किए ढेर; पहलगाम हमले के अगले ही दिन बड़ी कार्रवाई



श्रीनगर , (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के 24 घंटे के भीतर, बुधवार को उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में भारतीय सेना ने एक और बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है।

नियंत्रण रेखा (LoC) पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों को चुनौती दी गई, जिसके बाद शुरू हुई मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है।सेना की चिनार कोर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 23 अप्रैल को बारामूला जिले के उरी नाला इलाके में सरजीवन के पास 2-3 आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सतर्क जवानों ने समय रहते उन्हें रोक लिया, जिससे भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध जैसे अन्य साजो-सामान बरामद किए गए हैं। सेना का सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है और पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।गौरतलब है कि मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 27 लोगों की जान गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी घाटी में अलर्ट पर हैं। लगातार दो दिन में हुई आतंकी घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि सीमापार आतंकी संगठन नई रणनीति के तहत कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

### आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन में उतरे एएलएच हेलिकॉप्टर, पिछले तीन माह से हैं ग्राउंडिड



नई दिल्ली,(ए)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान को अंजाम देने के लिए ग्राउंडेड एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) को भी इस्तेमाल में लाया जाएगा। इस फैसले के पीछे वहां की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां और ऑपरेशन की संवेदनशीलता बताई जा रही है।

गौरतलब है कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और कोस्ट गार्ड के बेड़े में शामिल सभी एएलएच हेलिकॉप्टर्स पिछले तीन महीनों से ग्राउंडेड हैं। इन्हें ग्राउंडिड करने का यह अहम कदम 5 जनवरी को पोरबंदर में कोस्ट गार्ड का एक एएलएच हेलिकॉप्टर क्रैश होने के बाद उठाया गया था। दुर्घटना की जांच अभी भी जारी है, और हेलिकॉप्टरों के उड़ान की अनुमति तब तक नहीं दी गई जब तक फ्लीट की सुरक्षा की पुष्टि नहीं हो जाती।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक, चेतक और चीता हेलिकॉप्टर्स की सीमित नाइट फ्लाइंग क्षमता के कारण ऑपरेशन के लिए एएलएच को जरूरी माना गया है। वहीं वायुसेना के पास मौजूद एमआई-17 हेलिकॉप्टर्स भी उपयोग में लिए जा सकते थे, लेकिन उनका आकार बड़ा होने की वजह से पहाड़ी इलाकों में संचालन कठिन हो सकता था, जहां एएलएच अपनी मल्टी-टेर्रेन और नाइट ऑपरेशन क्षमताओं के साथ ज्यादा उपयोगी साबित होते हैं।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भोपाल में होगा भव्य ड्रोन शो : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र स्थापित करने के लिए की जाए पहल

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किमध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को भोपाल में विरासत से विकास की थीम पर भव्य ड्रोन लाइट शो आयोजित किया जाए। प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र बनाने की दिशा में भी विद्वानों और विशेषज्ञों से सलाह लेकर पहल की जाए। इससे अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। नीमच में मध्यप्रदेश बायो-टेक्नॉलोजी पार्क की स्थापना कर इससे जुड़ा इन्क्यूवेशन सेंटर साइंस सिटी उज्जैन में बनाया जाए।यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विभिन्न स्रोतों और प्रक्रियाओं से प्राप्त डाटा का उपयोग शोध के साथ-साथ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के प्रबंधन में भी हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादवने यह निर्देश मंत्रालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में दिए। बैठक में राज्य में नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को गति देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी



उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि परिषद द्वारा प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर केंद्रित डिजिटल एटलस विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के कारीगरों को देश के ख्याति प्राप्त विशेष विशेषज्ञों से संवाद और उनके द्वारा विकसित उन्नत तकनीकों के माध्यम से कारीगरों के कौशल उन्नयन के लिए प्रदेश में कारीगर विज्ञान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उज्जैन और जबलपुर में 15 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से विज्ञान केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। उज्जैन के डोंगला में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अंतरिक्ष अनुसंधार केन्द्र की स्थापना, कालगणना केन्द्र के रूप में उज्जैन को प्रतिस्थापित करने तथा साइंटिस्ट मेमोरियल की स्थापना की भी योजना है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों तक विज्ञान को प्रायोगिक रूप से दिखाने के उद्देश्य से सांइस ऑन व्हील योजना संचालित की जाएगी। बैठक में परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रगति की जानकारी भी दी गई। साथ ही परिषद के अधिकारियों/ कर्मचारियों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ समयमान देने के लिए सैद्धांतिक अनुमति प्रदान की गई है।

## लोको पायलट ने पडोसी के पालतु कुत्ते को कुचला, एफआईआर दर्ज

भोपाल (ए)। शहर के अशोका गार्डन इलाके में रहने वाले लोको पायलट की कार ने एक कुत्ते को कुचल दिया। दर्दनाक हादसे में कुत्ते की तडप-तडप कर मौके पर ही मौत हो गई। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लोको पायलट का कहना है, हादसे के समय कार वह नहीं चला रहे थे, और वह कुत्ता पालतू नहीं स्ट्रीट डॉग था,वहीं शिकायत करने वाली महिला ने उसे अपना पालतू श्वान बताया है। पुलिस के अुनसार प्रकाश नगर बिजली कॉलोनी की रहने वाली ओसिन जगलवा (30) पुत्री ओम प्रकाश जगलवा ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह एक मल्टी नेशनल कंपनी में एचआर के पद पर नौकरी करती हैं। मंगलवार को उनके घर के बाहर रेत पर उनका पालतु कुत्ता सो रहा था, पडोस में रहने वाले गोविंद गुप्ता ने अपनी कार को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उसे कुचल दिया, इससे कुत्ते की मौके पर ही तडप-तडपकर मौत हो गई। पूरे घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हुआ है। शुरुआती जॉच के बाद पुलिस ने गोविंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है, फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले में लोको पायलट गोविंद गुप्ता का कहना है की एफआईआर में जो समय बताया गया है उस समय वह ऑफिस में थे। और जिस कार से हादसा हुआ वह मेरी थी, लेकिन उसे पिता चला रहे थे, हादसा गलती से हुआ है। और कुत्ते की मौत हुई वह पालतु नहीं स्ट्रीट डॉग है। गोविंद का कहना है की हमारा परिवार सहित आस पास के लोग इस कुत्ते को खाना दिया करते थे। ओसिन कई स्ट्रीट डॉग पाले हुए हैं।

## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण शासकीय कैलाश नाथ काटजू चिकित्सालय में आयोजित हुआ

भोपाल (निप्र)। शासकीय कैलाश नाथ काटजू चिकित्सालय की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे एवं अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय द्वारा बुधवार को अस्पताल स्टाफ के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण आयोजित कराया गया। जिसके अंतर्गत फायर सेफ्टी डिवाइसेज के उपयोग एवं किसी प्रकार के दुर्घटना होने पर विशेष रूप से ध्यान रखें जाने वाले बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. रचना दुबे ने बताया कि इन दिनों गर्मी बहुत तेज पड़ रही है, जिसके कारण कई बार आग लगने की घटनाएं सामने आती है। इसीलिए स्टाफ को फायर सेफ्टी डिवाइसेज का हैंड्स और प्रशिक्षण भी दिया गया जिससे अस्पताल स्टाफ उपकरणों के उपयोग के संबंध में जागरूक हो सके एवं किसी प्रकार की दुर्घटना होने के समय स्वयं का एवं अस्पताल में मौजूद मरीजों का बचाव किया जा सके।

## इवनिंग वॉक पर निकले बुजुर्ग से बाइक सवारो ने झपटा मोबाइल



भोपाल (ए.)। पिपलानी थाना इलाके में में इवनिंग वॉक कर रहे वृद्ध को अपना निशाना बनाकर बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल झपटकर ले गये। थाना पुलिस के अनुसार भवानी धाम कॉलोनी में रहने वाले सुदर्शन शर्मा (71) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह रोजाना की तरह 20 अप्रेल की शाम करीब साढ़े छह बजे मार्निंग वॉक करने निकले थे। पैदल टहलते हुए छत्रसाल नगर से गुजर रहे थे, उसी समय एक बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके पास आये इससे पहले वह कुछ समझ पाते एक बदमाश ने उनके हाथ पर झपट्टा मारकर हाथ में पकड़ा मोबाइल छीना और तेज स्पीड से भाग गये। बाद में उन्होंने थाने में शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने सुदर्शन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पचहान जुटाने के लिये पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही इलाके के निगरानीशुदा बदमाशो की कुंडली खंगाल रही है, साथ ही दूसरे थाना इलाको में जाकर झपटमारी करने वाले आरोपियो से भी पूछताछ की जा रही है।

## मंडीदीप में गेल प्लांट में गैस लीक होने से मची अफरा-तफरी

### -कई घंटो के प्रयास के बाद रोका गया लीकेज

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल के नजदीकी मंडीदीप में स्थित गेल प्लांट में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे गैस लीक होने से हंड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। कई घंटो की मशक्क्त के बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे गैस लीक को रोका जा सका। जानकारी के मुताबिक सूचना मिलने पर फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंच गई थी, एहतियातन एनडीआरएफ और एसडीईआर की टीम को भी बुला लिया गया। प्लांट के एक किलोमीटर के दायरे में बैरिकेड्स लगाकर आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया गया। नगर पालिका मंडीदीप के फायर फाइटर्स को बुला लिया गया। वहीं सतलापुर और मंडीदीप पुलिस, होमगार्ड की टीम भी तैनात रही। प्रबंधन का कहना है कि रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया है। किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। वहीं कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीपीओ शीला सुरणा और नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे ने प्लांट का निरिक्षण किया है। इसके साथ ही जयपुर से गेल की सेफ्टी टीम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करने पहुंच गई है।

# पहले साप्ताह में पैसेंजर लूप लाईन के उन्नयन से सम्बंधित जागरूकता अभियान

## सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में चल रहा संरक्षा अभियान

भोपाल (निप्र) । रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चार सप्ताह में रेलवे में संरक्षा से सम्बंधित चार जागरूकता अभियान चलाने की पहल की जा रही है। इस अभियान में चरणबद्ध तरीके से पैसेंजर लूप लाईन चैकिंग अभियान, यूएसएफडी क्या है, मशीन कैसे काम करती है से संबंधित जांच अभियान, कितनी खामियां डिटेक्ट की गईं और इनके परिणामस्वरूप सघन मानिटरिंग के चलते संरक्षा में निरंतर सुधार हो रहा है एवं यार्ड में चल रहे संरक्षा सुधार के कामकाज, गेज एलाइनमेंट, इंटरलॉकिंग, फोर्स ले आउट जैसे उन्नयन कार्य की समीक्षा कर जागरूकता अभियानों के तहत संरक्षा पहल शामिल है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे संरक्षा अभियान के तहत पहले साप्ताह के पहले दिन भोपाल एवं कोटा मण्डलों में पैसेंजर लूप लाईन के उन्नयन से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। दूसरे दिन जबलपुर मण्डल में भी पैसेंजर लूप लाईन के उन्नयन से संरक्षा से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में बुनियादी ढांचे को यात्री सुविधा एवं संरक्षा बढ़ाने के दृष्टिकोण के अनुरूप संरक्षा, सुरक्षा, परिचालन दक्षता को मजबूत करने और यात्री यात्रा के समय को कम करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस पहल का लक्ष्य यात्री रनिंग लूप लाइनों के उन्नयन पर है, जो विशेष रूप से उच्च घनत्व वाले यातायात मार्गों में निर्बाध ट्रेन संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी कड़ी में सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में संरक्षा अभियान पहल की जा रही है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आधुनिक संरक्षा, सुरक्षा और गति मानकों को पूरा करने के लिए यात्री लूप लाइनों की गुणवत्ता और प्रदर्शन में सुधार करना है। ये लूप लाइनें ट्रेनों की क्रॉसिंग, ओवरटेकिंग और ट्रेन यातायात को विनियमित करने के साथ समयबद्धता, सुरक्षा और समग्र यात्री संतुष्टि को प्रभावित करती है। रेलवे याड्र्स में टर्नआउट्स विभिन्न रेल लाइनों को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं, जिससे ट्रेनों को एक लाइन से दूसरी लाइन में सुरक्षित रूप से लाया जा सकता है।

भोपाल मण्डल :- भोपाल मंडल के याड्र्स में सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए प्रत्येक यार्ड में टर्नआउट को निर्धारित मानकों के अनुरूप उन्नत किया जा रहा है। इसके आलावा एलसी गेट्स के स्थान पर अंडर पास (एलएचएस) और रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है, जिससे ट्रेनों की समयपालनता के साथ-साथ सड़क यातायात की सुविधा में सुधार हो सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडल के इटारसी-खंडवा खंड में सात एलसी गेट्स के स्थान पर अंडर पास बनाया गया है, वहीं भोपाल-बीना खंड में तीन, इटारसी-भोपाल खंड में एक और बीना-कटनी खंड में एक गेट को आरओबी बनाया गया है। वर्तमान में 12 स्थानों पर अंडर पास निर्माण कार्य और 15 स्थानों पर आरओबी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

कोटा मण्डल :- रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशन में कोटा मंडल को कुल 90 यार्ड को अपग्रेड करने का लक्ष्य दिया गया है। इस कार्य में रेलवे बोर्ड भारतीय रेल पथ नियमावली के अनुसार ट्रैक रखरखाव के मानकों के अनुरूप यात्री लूप लाइनों की अधिक सुरक्षा एवं स्थायित्व सुनिश्चित होंगे। कोटा डिवीजन इन निर्देशों की सफल अनुपालना में 42 यार्ड की यात्री लूप लाइनों को अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक अपग्रेड किया कर चुका है, शेष 48 यार्ड की लूप लाइनों को निर्धारित लक्ष्य से पहले दिसंबर 2025 तक पूरा करने का काम चल रहा है।

जबलपुर मण्डल :- पिछले वर्षों के दौरान कुल 50 किलोमीटर पैसेंजर रनिंग लूप्स और यार्ड लाइनों को मजबूत करने हेतु रेल प्रतिस्थापन (द्वितीयक) और 45 किलोमीटर स्लीपर प्रतिस्थापन (द्वितीयक) कार्य निष्पादित किया गया है। जबलपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2 के क्षतिग्रस्त वॉशेबल एप्रन की पूरी तरह से मरम्मत कर दी गई है। इसके आलावा ड्रेनेज, बैलस्ट रेजिलियन्स और ट्रैक की राइडिंग क्वालिटी में सुधार के लिए कुल 498 टर्नआउट की डीप स्क्रीनिंग पूरी की गई है। सभी पैसेंजर लूप लाइनों और यार्ड लाइनों के ट्रैक पैरामीटर की रिकॉर्डिंग नियमित आधार पर की जा रही है और ट्रैक की सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है।

पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा किए जा रहे ये प्रयास न केवल यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा को मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि ट्रेनों की समयबद्धता और परिचालन की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। पश्चिम मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयासरत है। पमरे साथ ही उच्च मानकों और तेज़ निष्पादन समयसीमा को अपनाकर, यात्री अनुभव को बदलने और आधुनिक, संरक्षित, सुरक्षित और कुशल दृष्टिकोण में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का सैनिक कल्याण म.प्र. के सम्मान प्राप्त करने वाले दान दाताओं के अभिनंदन समारोह में स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

## 05595 सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस 'अमृत भारत एक्सप्रेस' स्पेशल सेवा



**भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी**

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा आम यात्रियों को कम किराए में आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की जा रही है। इसी क्रम में, देश की तीसरी और मध्यप्रदेश की पहली अमृत भारत ट्रेन गाड़ी संख्या 05595 सहरसा - लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस (स्पेशल सेवा) का संचालन किया जा रहा है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 05595 सहरसा - लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस (स्पेशल सेवा)**

गाड़ी संख्या 05595 अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 24 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को सहरसा स्टेशन से सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 10:50 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद रात 23:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

गाड़ी के हाल्ट:

रास्ते में यह उद्घाटन ट्रेन सहरसा जंक्शन, खगड़िया जंक्शन, सालौना, हसनपुर रोड, समस्तीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., जलगांव जं., नासिक रोड, कल्याण जं., ठाणे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशनों पर रुकेगी।

**इसमें 8 शयनयान श्रेणी, 11 सामान्य श्रेणी, 2 एसएलआरडी एवं 1 पैंट्रीकार सहित कुल 22 कोच रहेंगे।**

यात्रियों से अनुरोध है कि गाड़ी से संबंधित सटीक जानकारी प्राप्त करने हेतु रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा NTES/139 का उपयोग करें। विस्तृत समय-सारणी एवं ठहराव की जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# संक्षिप्त समाचार

## दोस्त की मौत की खबर सुनकर रियल स्टेट कारोबारी ने लगा ली फांसी

भोपाल(ए)। शहर के कटारा हिल्स थाना इलाके में रहने वाले एक रियल स्टेट कारोबारी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया है की आत्महत्या से पहले उसे फोन पर किसी करीबी दोस्त की मौत हो जाने की खबर मिली मिली थी, जिसके बाद वह रोने लगा और फिर दूसरे कमरे में जाकर फंदे पर झूल गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में रहने वाला संजय प्रजापति (29) रियल स्टेट का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी सीमा के अलावा एक छोटा बेटा है। सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे संजय टीवी पर मैच देख रहा था,उसका बेटा पास में ही मौजूद था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया, जिसके बाद वह रोने लगा। पत्नी ने रोने का कारण पूछा तब उसने बताया कि उसके करीबी दोस्त की मौत हो गई है। पत्नी सीमा ने उसे समझाइश देते हुए कहा की बेटे के सामने रोना ठीक नहीं लगता है। इसके बाद संजय उठकर दूसरे कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद जब पत्नि उस कमरे में पहुंची तो उसे पति संजय का शरीर फंदे पर लटका नजर आया। पड़ोसियो की मदद से पत्नि उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है की मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर उसे आखरी बार कॉल करने वाले से पूछताछ की जायेगी, साथ ही उसके किस दोस्त की मौत हुई थी, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है।

## जीटी एक्सप्रेस में जहरखुरानी, वृद्धा को नशीला पदार्थ पिलाकर उड़ा दिये लाखो के जेवरात

भोपाल (आरएनएस)। जीटी एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही एक वृद्ध महिला को अज्ञात बदमाश ने पानी में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। थोड़ी देर बाद ही महिला को गहरी नींद आ गई, मौका पाकर बदमाश करीब 7 लाख से अधिक के सोने के जेवरात चोरी कर चंपत हो गया। घटना करीब चार महीने पहले की बताई गई है। केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने असल कायमी करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंद्रपुर की रहने वाली मिना वशिंगट (73) करीब चार महीने पहले दिसंबर 2024 में जीटी एक्सप्रेस के एसी कोच ए-2 में नई दिल्ली से चंद्रपुर का सफर करने के लिये सवार हुई थी। ट्रेन करीब चार बजे नई दिल्ली से रवाना हुई, शाम करीब सात बजे एक अज्ञात युवक कोच में आकर उनकी सीट के पास बैठ गया। आरोपी ने उनसे मेलजोल बढाया और महिला को पीने के लिये पानी दिया। पानी पीने के बाद महिला वॉशरूम के लिए चली गई। वापस आते ही सीट पर बैठने के बाद उन्हें नींद आने लगी। इसके बाद वह गहरी नींद में सो गई और उन्हें कुछ भी याद नहीं रहा। अगले दिन तड़के करीब चार बजे नींद खुली तो भोपाल स्टेशन आने वाला था। जब उन्होंने अपने शरीर पर पहले जेवरात चैक किये तो पता चला की गले में पहनी 5 तोला वजनी सोने की पैंडल वाली चैन, हाथ में पहले सोने के तीन तोला वजनी कंगन, चार तोला वजनी सोने की अंगूठियो सहित बैग में रखी हजारो की नकदी गायब है। चोरी गये माल की कीमत सात लाख से अधिक बताई गई है। महिला ने इसकी जानकारी किसी तरह अपने परिवार वालो को दी, जिसके बाद नागपुर स्टेशन पर रेलवे के डॉक्टर ने महिला का चेकअप किया। उसके बाद महिला उसी ट्रेन में चंद्रपुर स्टेशन पहुंची, जहां परिजनों ने ट्रेन से उतारने के बाद उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत ठीक होने पर महिला ने 3 दिसंबर 2024 को इसकी शिकायत वर्धा जीआरपी से की जहां जीरो पर कायमी की गई थी। घटनास्थल को लेकर दोनो राज्यो की पुलिस के बीच पत्राचार चला, आखिरकार केस डायरी भोपाल आने के बाद जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ असल कायमी करते हुए जॉच शुरु कर दी जहै।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की समीक्षा की

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लागू प्रतिबंध अगले कुछ दिनों में हटाया जाने वाला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी समयावधि को ध्यान में रखते हुए ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की अंतिम टेस्टिंग पूर्ण कर ली जाए, ताकि प्रतिबंध हटते ही स्थानांतरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा, सुगमता और पारदर्शिता के साथ संचालित की जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह मॉड्यूल प्रदेश में मानव संसाधन प्रबंधन को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि कर्मचारियों के बीच विश्वास भी सुदृढ़ होगा। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी, विभागीय अधिकारी, एमपीएसईडीसी के तकनीकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## 1 मई से आप का प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान

### आप मिस्ड कॉल के लिए जारी करेंगी नंबर

भोपाल (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी अपने संगठन का विस्तार करने के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल के दिशा निर्देशानुसार 1 मई से सदस्यता अभियान प्रारम्भ करने जा रही है। आप 1 मई से 15 मई तक शहरी क्षेत्रों में वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव जाकर पार्टी की विचारधारा से आमजन को अवगत कराकर सदस्यता अभियान चलाएंगी। साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश के लिए एक नंबर जारी किया जाएगा जिससे कोई भी व्यक्ति उस नंबर पर मिस्ड कॉल कर आम आदमी पार्टी का सदस्य बन सकता है।

आप का सदस्यता हेतु मिस्ड कॉल के लिए नंबर 30 अप्रैल को रानी अग्रवाल द्वारा जारी किया जावेंगा। आम आदमी पार्टी अपने सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन का मध्यप्रदेश में तेजी से विस्तार कर आने वाले नगर पालिका एवं पंचायत चुनाव की तैयारी कर रही है।

# मुस्लिमों की तरह बैठ नहीं सके, ईसाई धर्म बताया तो परिवार के सामने गोलियों से भून दिया



इंदौर(ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में इंदौर निवासी सुशील नथानियल की दर्दनाक मौत हो गई। आतंकियों ने उन्हें धर्म पूछकर गोली मारी। बेटी आकांक्षा घायल हुई हैं। शाम 5 बजे उनका शव एयरपोर्ट पर आएगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में मंगलवार दोपहर 2ः45 बजे हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हमले में इंदौर के वीणा नगर निवासी सुशील नथानियल भी जान गंवा बैठे। सुशील अपनी पत्नी जेनिफर, बेटे आस्टन और बेटी आकांक्षा के साथ चार दिन पहले ही कश्मीर घूमने पहुंचे थे। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में कार्यरत थे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) अमित सिंह ने सुशील की मौत की पुष्टि की है। घटना ने पूरे इंदौर शहर को गमगीन कर दिया है।



ताजा जानकारी के मुताबिक 5.30 बजे सुशील के पार्थिव शरीर को एयरपोर्ट पर लाएंगे। यहां सीएम मोहन यादव उन्हें श्रद्धांजलि देंगे और एयरपोर्ट से ढक्कन वाला कुआं स्थित सेंट पलोटी चर्च ले जाएंगे जहां अंतिम क्रिया की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह और कई जनप्रतिनिधि सुबह से ही उनके घर पहुंच चुके हैं।

**धर्म पूछकर किया हमला, सुशील को बनाया निशाना**

सुशील नथानियल के भाई विकास ने घटना का दिल दहला देने वाला विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि आतंकियों ने पहले सुशील को घुटनों के बल बैठाया और कलमा पढ़ने को मजबूर किया। जब उन्होंने खुद को ईसाई बताया, तो आतंकियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। इस हमले में सुशील की बेटी आकांक्षा को पैर में गोली लगी है। हमले के दौरान सुशील ने अपनी पत्नी जेनिफर को छिपा दिया और खुद सामने आकर खड़े हो गए, जिससे उनकी पत्नी की जान बच सकी। जेनिफर खातीपुरा के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं, वहीं घायल आकांक्षा सूरत में बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत हैं।

**बेटा और पत्नी सुरक्षित, परिवार का मूल निवास जोबट**

घटना के दौरान सुशील का बेटा आस्टन और पत्नी जेनिफर किसी तरह सुरक्षित बच निकले। परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के जोबट का रहने वाला है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, हमले के बाद सेना और पुलिस की मदद से जेनिफर और आकांक्षा को अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि आस्टन पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस हृदयविदारक घटना ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

जेनिफर और आकांक्षा अस्पताल में भर्ती, पुलिस कर रही समन्वय

सेना द्वारा इंदौर पुलिस को भेजी गई मृतकों और घायलों की सूची के आधार पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने जानकारी दी कि आकांक्षा को पैर में गोली लगी है और जेनिफर हमले से बचने के दौरान गिरकर घायल हुई हैं। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रशासन पीड़ित परिवार से लगातार संपर्क में है और हर संभव मदद की जा रही है।

**धारा 370 हटने पर कश्मीर जाने का प्लान बनाया, पता नहीं था हालात इतने खराब हैं**

मृतक सुशील के मामा के बेटे संजय कुमरावत अपने जज्बातों पर काबू नहीं रख सके और फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने कहा, "मेरा दोस्त जैसा भाई चला गया। भैया-भाभी और उनके दोनों बच्चे जम्मू-कश्मीर घूमने गए थे, इसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। सोमवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच एक दिल दहला देने वाली खबर मिली जब भतीजे ऑस्टिन का फोन आया। वह बेहद परेशान था, रो-रोकर कुछ बोल नहीं पा रहा था। दो बार फोन कट गया, लेकिन तीसरी बार जब उसने बात की तो बताया कि उसके पिता सुशील नथेनियल को आतंकवादियों ने गोली मार दी है। बहन आकांक्षा के पैर में भी गोली लगी है और मां-बेटा किसी तरह बच पाए हैं। यह सुनते ही पूरे परिवार के होश उड़ गए। उसे सरप्राइज देने की आदत थी, इसलिए उसने इस टूर के बारे में किसी को नहीं बताया। वह हमें लौटकर सरप्राइज देना चाहता था, लेकिन इस बार उसने समय गलत चुन लिया।" संजय ने आगे कहा कि 370 हटने के बाद से ही कश्मीर जाने की बात चल रही थी, लेकिन मौजूदा हालात अनुकूल नहीं थे। यदि सुशील ने पहले बताया होता तो वे उसे जाने नहीं देते।

**ईसाई धर्म बताया तो तुरंत गोली मार दी**

सुशील के छोटे भाई की पत्नी जैमा विकास ने बताया कि पूरा परिवार एक साथ कुछ समय बिताने के लिए कश्मीर गया था। हादसे के बाद बेटे



ऑस्टिन ने फोन कर बताया कि आतंकियों ने सुशील से पूछा कि वह किस धर्म का है। जब परिवार चुप रहा तो आतंकी ने कहा- "कलमा पढ़ सकते हो?" सुशील ने परिवार को वहां से जाने के लिए कहा और फिर आतंकी ने उसे घुटनों पर बैठने को कहा। लेकिन जब वह मुस्लिमों की तरह नहीं बैठ सका, तो आतंकियों ने फिर पूछा कि वह किस धर्म का है। जैसे ही सुशील ने 'ईसाई' कहा, उसे गोली मार दी गई। इस हमले में आकांक्षा के पैर में भी गोली लगी और फायरिंग के बाद आतंकी फरार हो गए।




## मुख्यमंत्री बोले सरकार जवाब देगी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर कहा, "(आतंकी हमले में) एक इंदौर निवासी की दुखद मृत्यु हुई है। मैं बाबा महाकाल से कामना करता हूं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है... पाकिस्तान और उसके पिछलग्गुओं की इस कायराना हरकत का जवाब देने के लिए पूरा देश एकजुट है और हमारी सरकार भी बहुत अच्छे से प्लानिंग करके आगे बढ़ रही है... हम सब बाबा महाकाल से कामना करेंगे की आने वाले समय में ऐसी कोई कायराना हरकत ना हो..."

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के बेटे के नाम पर ठगी का मामला, क्राइम ब्रांच में शिकायत



इंदौर (ए.)। इंदौर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के बेटे मिलिंद महाजन के नाम पर एक व्यक्ति ने मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल कंपनी के साथ लाखों रुपए की ठगी करने की कोशिश की। आरोपी ने खुद को मिलिंद महाजन बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और बैंक को मेल कर 18 लाख रुपए से अधिक की राशि दो अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। मामले में जब संदेह हुआ तो कंपनी की ओर से क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

**बैंक मैनेजर की सतर्कता से बची बड़ी धोखाधड़ी**

मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल कंपनी के एचआर अभिषेक शर्मा ने मंगलवार को क्राइम ब्रांच में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कंपनी का खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की साजन नगर ब्रांच में है। सोमवार को ब्रांच मैनेजर को दो बार एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाला खुद को मिलिंद महाजन बता रहा था और उसने 18 लाख रुपए से अधिक की राशि दो खातों में ट्रांसफर करने को कहा। इसके साथ ही आरोपी ने मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल की फर्जी ईमेल आईडी बनाकर मिलिंद महाजन के नाम से एक पत्र भी भेजा।

## आतंकी हमले के बाद दमोह में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, दो युवकों पर केस दर्ज

दमोह (ए.)। दमोह जिले के दो युवाओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना के बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक




पोस्ट कर दी। पोस्ट के वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

दरअसल, पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की जान चली गई और कई घायल हैं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। वहीं, हमले के बाद से मध्य प्रदेश सरकार भी अलर्ट पर आ गई है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि कोई माहौल बिगाड़ने का प्रयास न कर सके। ऐसे में दमोह में मंगलवार को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर पुलिस ने वसीम खान और तनवीर कुरैशी के खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की धाराओं में केस दर्ज किया है। इन युवकों ने सोशल मीडिया के जरिए आपत्तिजनक बातें लिखकर माहौल खराब करने की कोशिश की थी। पुलिस का कहना है कि कोई भी सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर लगातार अलग-अलग माध्यमों से निगरानी की जा रही है। जैसे ही इन युवकों की पोस्ट सामने आई, तुरंत कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर किया गया। अगर, और भी कोई इस तरह की हरकत करता पाया गया, तो उस पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## BJP विधायक से कांग्रेसी बोला- तकलीफ के अलावा आपने क्या दिया, MLA ने कहा- पता करो; फिर उठा ले गई पुलिस



शाजापुर (ए.) । मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के कालापीपल से भाजपा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी की पोस्ट पर कमेंट करना एक कांग्रेसी को भारी पड़ गया। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और फिर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर कालापीपल के पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता कुणाल चौधरी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन सत्ताधारियों की गुलामी करने में लगा है। वहीं, विधायक और कमेंट करने वाले कांग्रेसी का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर नाराजगी जताते हुए कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने पोस्ट करने वाले ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि तीन अन्य युवकों के समझाने पर अरोपी ने अभद्रता की शिकायत की थी, इसके बाद शांति भंग करने की धारा में गिरफ्तार किया गया।

## तेरी बेटी को मार दूंगा...धमकी देकर विवाहिता को कमरे में खींच ले गया पति का दोस्त, फिर की दरिंदगी



ग्वालियर (ए.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में एक 21 साल की विवाहिता से उसके पति के दोस्त ने दुष्कर्म किया है। घटना के समय विवाहिता घर में अकेली थी, जबकि उसका पति ड्यूटी पर गया था। इस दौरान उसका दोस्त घर आ गया। आरोपी ने पीड़िता की पांच महीने की बेटी को जान से मारने की धमकी दी और उसे कमरे में खींच ले गया, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। पति के ड्यूटी से लौटने के बाद विवाहिता ने घटना की जानकारी दी। थाने में केस दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के तिघरा रोड निवासी नवविवाहिता ने पति के साथ थाने पहुंचकर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से भिंड जिले के गोहद की रहने वाली है। डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई थी, उसकी पांच महीने की एक बेटी है। उसका पति ग्वालियर की एक प्राइवेट फर्म में काम करता है। मंगलवार को वह घर पर बेटी के साथ अकेली थी, इस दौरान दोपहर के समय उसके पति का दोस्त रंजीत प्रजापति निवासी गोहद भिंड उसके घर आया। उसने रंजीत से आने का कारण पूछा तो उसने कहा कि ऐसे ही मिलने आया हूं। पति का दोस्त होने के कारण उसने उसे घर में आने दिया गया।

इसी बीच उसकी बच्ची रोने लगी तो वह उसे सुलाने के लिए कमरे में चली गई। कुछ देर बाद वह बाहर आई तो रंजीत उसे खींचकर दूसरे कमरे में ले जाने लगा। विरोध करने पर वह बेटी को मारने की धमकी देने लगा। इससे वह गई, इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को कुछ नहीं बताने की धमकी देकर चला गया।

शाम को पति के वापस लौटने पर महिला ने उसे घटना की जानकारी दी। पति उसे लेकर जनकगंज थाना पहुंचा आरोपी दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कराया।

## एंबुलेंस ड्राइवर ने जहर खाया, कहा- प्रबंधक ने शराब की पेटी देने को कहा, मना किया तो..



दमोह (ए.)। दमोह के मिशन अस्पताल में एंबुलेंस चलाने वाले ड्राइवर नसीम मंसूरी ने बुधवार दोपहर जहर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्राइवर ने आरोप लगाया कि मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने उससे शराब की पेटी लेकर पूर्व प्रबंधक संजीव लैंबर्ट के पास भेजने के लिए कहा था। मना कर पर पुष्पा खरे ने धमकी दी कि एंबुलेंस चोरी के मामले में तेरे ऊपर केस दर्ज करवा दूंगी।

नसीम ने बताया कि वह मंगलवार को इस मामले की शिकायत करने कोतवाली गया था, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। इससे परेशान हो कर उसने बुधवार को जहर खा लिया। नसीम मंसूरी ने बताया कि मंगलवार को पुष्पा खरे ने उसे बुलाया और कहा कि दिलीप खरे, क्षितिज और मेरा आदेश है कि तुम संजीव लैंबर्ट के यहां एक शराब की पेटी लेकर जाओ। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उसे झूठा केस दर्ज कराने की धमकी दी गई। उसने कहा कि प्रबंधन से जुड़े ये सभी लोग उसे दो साल से प्रताड़ित कर रहे हैं। उसे इस तरह के काम करने के लिए मजबूर करते हैं। नसीम ने यह भी कहा कि डॉ. अजय लाल को भी ये लोग मिलकर फंसा रहे हैं, जबकि वह बहुत अच्छे इंसान हैं।

मामले में मिशन अस्पताल के लीगल एडवाइजर अधिवक्ता धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि नसीम मंसूरी सरस्वती स्कूल के पास बेहोशी की हालत में पड़ा है।

# व्यापार समाचार

## एपल-मेटा पर यूरोपीय संघ ने की कार्रवाई, 50 और 20 करोड़ यूरो का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली (ए.)। यूरोपीय संघ ने एपल पर 50 करोड़ यूरो और मेटा पर 20 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई डिजिटल कारोबार से जुड़े अलग-अलग मामलों में की गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।



यूरोपीय संघ ने एपल पर 50 करोड़ यूरो और मेटा पर 20 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई डिजिटल कारोबार से जुड़े अलग-अलग मामलों में की गई है। एपी ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है।

## एयर इंडिया के सीईओ ने एआईएक्स बोर्ड का अध्यक्ष पद छोड़ा, इस अधिकारी को मिली जिम्मेदारी

नई दिल्ली (ए.)। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने एयरलाइन की कम लागत वाली एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। विल्सन की जगह मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल लेंगे, जो पहले से ही एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोर्ड में हैं। अग्रवाल चेयरमैन की भूमिका संभालेंगे और एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी के पद पर भी बने रहेंगे। यह खबर टाटा समूह की कम लागत वाली एयरलाइनों, एयर इंडिया एक्सप्रेस और ढ्ढङ्ग कनेक्ट (पूर्व में एयर एशिया इंडिया) के अक्तूबर 2024 में विलय के छह महीने बाद आई है। विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे ज्ञापन में कहा, "आप अच्छी तरह से जानते होंगे, पिछले 18 महीनों में हमने एयर इंडिया समूह के परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए कई संरचनात्मक बदलाव पूरे किए हैं। इनमें हमारी चार एयरलाइनों का विलय कर दो बनाना, गुरुग्राम में हमारी गैर-उड़ान टीमों को एक करना और एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस दोनों की नेतृत्व टीमों को तरोताजा करना शामिल है।"

## सोना एक लाख से नीचे आया, 2400 रुपये टूटकर 99200 रुपये पर पहुंचा भाव



नई दिल्ली (ए.)। कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को दिल्ली में सोने का भाव ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गया। सोने की कीमत 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले, मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपए की तेजी के साथ 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

**9.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3400 रुपये हुआ कमजोर**

सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ 98,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर आ गया। एक दिन पहले यह सोना सोना 2,800 रुपए उछलकर 1,02,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सोने की कीमतों में सुधार आया, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस टिप्पणी के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में नरमी आई कि व्यापार युद्ध के दौरान चीनी वस्तुओं पर लगाए गए भारी शुल्कों को जल्द ही काफी हद तक कम कर दिया जाएगा।

**चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़ी**


इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहते हुए बंद हुई थी।

### सोना इस साल 22,650 महंगा, अगले एक माह में 8 फीसदी तक घट सकते हैं दाम; अक्षय तृतीया और शादी में मांग तेज

टैरिफ वार शुरू होने के बाद दुनियाभर में उपजी अनिश्चितताओं के बीच सोना लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। ?मंगलवार को यह दिल्ली सराफा बाजार में एक लाख रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही, सोने की कीमत इस साल अब तक 22,650 रुपये या 28.68 फीसदी बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर, 2024 को सोना 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था।

सराफा कारोबारियों का कहना है कि अक्षय तृतीया जैसे त्योहार और शादी-विवाह के सीजन में मांग बढ़ने की उम्मीद के चलते आभूषण विक्रेताओं ने सोने की खरीदारी बढ़ाई है, जिससे बहुमूल्य धातु की कीमतों को समर्थन मिला है।

## शेयर बाजार लगातार सातवें दिन बढ़त के साथ बंद; सेंसेक्स 521 अंक चढ़ा, निफ्टी 24300 पार




नई दिल्ली (ए.)। शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान, आईटी और ऑटो शेयरों में मजबूत बढ़त के कारण बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 520 अंक उछलकर चार महीने में पहली बार 80,000 के ऊपर पहुंच गया।

विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक रुझानों से बाजार में बढ़त

30 शेयरों वाला सेंसेक्स 520.90 अंक या 0.65 प्रतिशत बढ़कर 80,116.49 अंक पर बंद हुआ जो 18 दिसंबर के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। दिन में कारोबार के दौरान यह 658.96 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 80,254.55 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 161.70 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 24,328.95 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक रुझानों के बाद बाजार में खरीदारी बढ़ी।

**एचसीएल टेक में सबसे अधिक बढ़त**

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 7.72 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। कंपनी ने मार्च तिमाही 2024-25 के लिए समेकित शुद्ध लाभ 8.1 प्रतिशत बढ़कर 4,307 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी है। कंपनी के अनुसार, उसे मुख्य रूप से लगभग 25,500 करोड़ रुपये के कुल अनुबंध मूल्य वाले बड़े सौदों के कारण फायदा हुआ। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और मारुति भी प्रमुख लाभ में रहीं। बैंकिंग शेयरों में हालिया बढ़त के बाद बिकवाली दिखी। एचडीएफसी बैंक का शेयर 1.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक नुकसान उठाने वाला शेयर रहा।

**एशियाई शेयरों में दिखा मिला-जुला रुख**

कोटक महिन्द्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक, टोक्यो का निक्केई 225 और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। शंघाई एसएसई कंपोजिट मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## देश की अखंडता पर प्रहार

वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दरम्यान सरकार ने आश्वासन दिया कि सेंटर वक्फ काउंसिल और वक्फ बोर्ड में किसी गैर-मुस्लिम की नियुक्ति नहीं की जाएगी। मौजूदा वक्फ संपत्तियों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने तथा वक्फ संशोधन कानून, 2025 के कुछ प्रावधानों पर फिलहाल अमल न करने की बात भी की। अदालत ने सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का वक्त दिया है। अगले आदेश तक वक्फ, जिसमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है, में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। न ही संबंधित कलेक्टर इनमें कोई बदलाव करेगा। 1995 के अधिनियम के तहत जिन वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण हुआ है, उनको अगली सुनवाई तक गैर-अनूसूचित न करने का स्पष्ट निर्देश भी दिया गया है।अदालत में वक्फ कानून की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि जैन, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धर्म पर ऐसे कानून लागू नहीं होते। जैसा कि नये कानून के अनुसार वही शख्स अपनी संपत्ति दान कर सकता है, जो कम से कम पांच साल से मुसलमान हो यानी इस्लाम अपना चुका हो।दान की जाने वाली संपत्ति का मालिकाना हक भी रखता हो। शीर्ष अदालत ने सरकार से तल्ख सवाल किया कि क्या वह हिन्दुओं के धार्मिक ट्रस्टों में मुसलमान या गैर- हिन्दुओं को शामिल करने जा रही है? इस कानून के पारित होने के बाद हुई हिंसा की भी निंदा की। हरियाणा, महाराष्ट्र, मप्र, असम, छत्तीसगढ़ व राजस्थान जैसे भाजपा शासित राज्यों में अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अनुसार वक्फ के पास देश भर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। कोई भी चल/अचल संपत्ति वक्फ होती है, जिसे अल्लाह के नाम पर मुसलमान धार्मिक या परोपकार के मकसद से दान करता है। अल्लाह ही हमेशा उसका मालिक होता है। इस तरह का चलन मंदिरों से लेकर अन्य धर्मों में भी है।मंदिरों के पास बगैर कागजात वाली संपत्ति कम नहीं हैं। इसलिए सरकार को कानून बनाते हुए सभी धार्मिक स्थलों के अधिकार क्षेत्र वाली चल/अचल संपत्ति पर यह कानून लागू करना चाहिए था। पूर्वाग्रहों से भरे पक्षपात करने वाली मोदी सरकार को इससे बचना चाहिए था। वक्फ की आड़ में संप्रदाय विशेष को लेकर टिप्पणियां या नया कानून बनाने की जल्दबाजी देश की अखंडता पर प्रहार कर सकती है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का स्वागत किया।

# आतंकवाद के फन को कुचलने का माकूल समय

**संजीव ठाकुर,**

जम्मू कश्मीर पहलगाम पर्यटन स्थल में सेना की वर्दी में आए चार पांच आतंकवादियों ने पर्यटन पर स्टील बुलेट से हमला कर 26 भारतीय तथा दो विदेशियों की निर्मम हत्या कर दी है। यह पुलवामा आतंकी हमले के बाद का सबसे बड़ा हमला है 28 मृतकों में अधिकांश पर्यटक हैं इसमें दो विदेशी तथा दो स्थानीय लोग शामिल है इसमें एक आईबी अफसर भी शामिल है। ज्ञात हो इस हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ(दी रेसिस्टेंट फ्रंट) आतंकी संगठन ने अपने ऊपर ली है टीआरएफ संगठन लश्कर तैयबा पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन है जिसको पाकिस्तान की सरकार और आई एस आई का खुला समर्थन प्राप्त है एवं पाकिस्तान सेना इन्हें हथियार तथा धन मुहैया कराती है। यह हमला स्टील बुलेट से किया गया स्टील बुलेट चीन द्वारा पाकिस्तान सेना को युद्ध के लिए दी जाती है और यह स्टील बुलेट पाकिस्तान सुना ने लश्कर तैयबा के लड़ाकू आतंकवादियों को इस घटना को अंजाम देने के लिए दी गई थी। दुखद बात यह है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछ पूछ कर पुरुषों को गोली मारी एवं महिलाओं को को छोड़कर उनसे कहा गया है कि अपनी सरकार को बता देना। इन सभी मृतक पर्यटकों में महाराष्ट्र राजस्थान उड़ीसा छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य राज्यों के निवासी शामिल है। जिस घोड़े के रेसकोर्स मैदान में निर्दोष पर्यटकों को मारा गया वहां पूरे मैदान में कहीं छुपने की जगह भी नहीं थी ऐसे में पर्यटक असहाय तथा असमर्थ थे। कुल मिलाकर यह एक दर्दनाक एवं निर्मम हत्याकांड को आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिया गया ऐसे में अब आतंकवादियों तथा उनकी सोच को समूह नष्ट किया जाना चाहिए। यह आलेख लिखते समय जानकारी मिली है कि अनुसार दो आतंकवादियों को सेवा के जवानों ने मार गिराया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना की निंदा कर भारत को संपूर्ण समर्थन देने का वादा किया है दूसरी तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं फ्रांस, कनाडा, इंग्लैंड एवं अन्य यूरोपीय देशों में भी भारत का समर्थन किया है। यह



पहलगाम में हाइब्रिड आतंकी हमला, 26 भारतीयों की हत्या।

हमला भी ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका को राष्ट्रपति कई सामरिक तथा व्यापारिक अनुबंधों पर चर्चा एवं हस्ताक्षर करने चार दिन की यात्रा पर भारत पधारे हैं, इसके अलावा वक्फ बोर्ड पर मुसलमान लगातार हड़ताल कर रहे हैं साथ ही प्रधानमंत्री सऊदी अरब की 2 दिन की यात्रा पर हैं। यह ऐसे समय टीआरएफ ने जानबूझकर चुना जिसमें सरकार का ध्यान इन पर ना जा सके। प्रधानमंत्री मोदी अपनी सऊदी अरब की यात्रा को स्थगित कर वापस आ चुके हैं एवं जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों की हाई लेवल की बैठक भी जारी है। जांच एजेंसी के अनुसार या हमला पर्यटकों पर हाइब्रिड आतंकवादियों द्वारा किया गया हाइब्रिड आतंकवादी वे आतंकवादी है जो सामान्य रूप से इंजीनियर, डॉक्टर, मजदूर, कारीगर, पेंटर कुछ भी हो सकते हैं एवं इनको छुप कर हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती है एवं मौका आने पर इनको हथियार उपलब्ध कराकर कराकर उनके आतंकवाद फैलाने का आदेश दिया जाता है यह हाइब्रिड आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर फिर सामान्य जन जीवन में छुप जाते हैं जिनको चिन्हित करना तथा इनसे निपटना एक बड़ी समस्या है। वैसे अब टेक्नोक्रेट आतंकवादी भी कई तरह के आतंकवाद को जन्म दे रहे हैं यह आतंकवादी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर का कई तरह से आतंकवाद फैलाने में सफल हुए हैं।

वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं।

और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं।

# सहकारिता में नवाचार से नित नए आयाम गढ़ता मध्यप्रदेश

**- दुर्गेश रायकवार**

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती है। स्व से सब का भाव हो जाना ही सहकार है। भारतीय संस्कृति स्वयं से ऊपर उठकर हम की भावना रखना सिखाती है और इसी भावना से जन्म हुआ है सहकार का। सनातन संस्कृति में जब हम प्रार्थना करते हैं तो सर्वे भवन्तु सुखिन: की कामना करते हैं। सबके सुख और मंगल की यही कामना सहकारिता का मूल भाव हैढ्ढ हम लाभ से ज्यादा सेवा को महत्त्व देते हैं। एक से ज्यादा समूह को महत्त्व देते हैं। प्रतिस्पर्धा से ज्यादा परस्पर सहयोग को महत्व देते हैं और यही सहकारिता है। भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्य धारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की। सरकार ने सहकारी समितियों के लिए 'व्यापार करने में आसानी', डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है। केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का विस्तार, पैक्स के लिए बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता, पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने एवं पैक्स को नाबार्ड से जोड़ने का काम किया है ।

नई श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश

प्रदेश में सहकार से समृद्धि की पहल के तहत केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और स्टेट डेयरी को-ऑपरेटिव फेडरेशन तथा फेडरेशन से संबद्ध दुग्ध संघों के बीच कोलेबोरेशन एग्रीमेंट हुआ। इस कोलेबोरेशन एग्रीमेंट के माध्यम से सहकारी डेयरी नेटवर्क को सशक्त बनाने का लक्ष्य है, जिससे दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि हो सके और सांची ब्रांड का उत्थान और विस्तार किया जा सके। यह नई श्वेत क्रांति की ओर प्रदेश का महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसका लाभ दुग्ध उत्पादकों और दुग्ध उपभोक्ताओं दोनों को मिलेगा। दुग्ध उत्पादक राज्यों में मध्यप्रदेश टॉप-थ्री में है, हमारे यहां देश का करीब 9 प्रतिशत दुग्ध-उत्पादन होता है। प्रदेश में रोजाना करीब 551 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन होता है, जिसमें से मध्यप्रदेश स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन और इससे जुड़े संघ करीब 10 लाख किलोग्राम दूध जमा करते हैं।

डेयरी क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश देश का फ़ूड बास्केट तो है ही, हममें डेयरी कैपिटल बनने की क्षमता भी है। देश का डेयरी कैपिटल बनने के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन हैं। प्रदेश में सहकारी डेयरी नेटवर्क को हाइटेक बनाने के लिए एक डेयरी डेवलपमेंट प्लान तैयार करने की योजना है, जिसमें लगभग 1450 करोड़ रुपए का निवेश होगा। प्रदेश में औसत दुग्ध संकलन को दोगुना किया जाएगा, दुग्ध संकलन को 10 लाख किलो से बढ़ाकर 20 लाख किलो प्रतिदिन करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। प्रदेश में दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार की जाएगी। प्रदेश भर के 18 हजार गांवों के दुग्ध-उत्पादन से जुड़े किसान भाइयों को सहकारी डेयरी नेटवर्क से जोड़ेंगे।

# केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक

अजय दीक्षित

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संसद को कोई भी कानून बनाने से पहले यह कर लेना चाहिए कि वह संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार का हनन तो नहीं कर रही है यद्यपि संसद बहुमत से कोई कानून बना सकती है या उसमें आंशिक तौर या पूर्ण परिवर्तन कर सकती है लेकिन अगर यह विषय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचार के लिए लाया जाएगा और मामला यह सिद्ध होगा कि किसी धर्म या व्यक्ति या व्यक्तियों के मौलिक अधिकार का हनन होता है तो उस राष्ट्रपति के आदेश की विवेचना का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को भारत का संविधान अनुच्छेद 51 में देता है और सर्वोच्च न्यायालय उस कानून का समाप्त कर सकता है। यह खतरनाक हथियार अनुच्छेद 141के तहत भारत संघ में है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने भी इसे 143 धारा को न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में घमासान का कारक बताया है और कहा है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटो के संबंध में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का क्या कारण है वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक (UWMIID) एकीकृत वक्फ प्रबन्धन शसक्तीकरण दक्षता विकास बिल या कानूनों के दो प्रावधानों को लेकर भारत की न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में ठन गई है और मोर्चा संभाला है चीफ़ जस्टिस खन्ना और उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने। कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने अनुच्छेद 26 का हवाला देते हुए कहा है कि वक्फ माने किसी मुसलमान द्वारा अल्लाह के नाम पर सार्वजनिक रूप दी गई संपत्ति वक्फ कहलाती है और बाय यूजर मुस्लिम धर्म समुदाय इसमें मस्जिद दरगाह, मकबरा, क़ब्रिस्तान,ईदगाह,आदि चल रहा है तो इसे डिनोटिफाइड नहीं किया जाए।इसके अलावा वक्फ बोर्ड चुकीं मुस्लिम लोगों से जुड़ी है तो गैर मुस्लिमों को इन संस्थाओं से न जोड़ा जाए।जबकि उम्मीद (UWMIID) वक्फ संशोधन विधेयक में कहा गया है कि ऐसी संपत्तियों को जिला कलेक्टर स्वीकृति देगा । असुसद्दीन ओवैसी कहते हैं कि मुस्लिम समाज को नीचा दिखाने के लिए कानून बनाया गया है।




मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए। घरवालों के साथ कहीं मंदिर दर्शन करने जाएंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम बच सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को करेंगे उसमें आपको सफलता के योग बन रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अगर आज जॉब चेंज करना चाहते है तो सोच-समझ कर ही करें।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लंबे समय से रुके हुए सरकारी कामों का आज निपटारा हो जाएगा।

वृश्चिक राशि:आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है, जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको रिलैक्स फील होगा। बच्चे आपको शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज लोग आपकी बातों से प्रभावित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे। आज आपके लिए फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनके घर जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

मीन राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कार्यों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।

# भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से

अजीत द्विवेदी

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मुंबई में रहते हैं और इस बार तो राज्यसभा छोड़ कर मुंबई की एक सीट से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वे कॉरपोरेट के चहेते नेता हैं। इसी योग्यता की वजह से वे लंबे समय तक भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। यह पद उनको विरासत में मिला था। पहले उनके पिता वेद प्रकाश गोयल भी भाजपा के कोषाध्यक्ष थे। यानी वे पीढ़ियों से कॉरपोरेट फ्रेंडली हैं। इसके बावजूद उन्होंने ऐसी बात कही है, जो निश्चित रूप से इस देश के किसी कॉरपोरेट को पसंद नहीं आई होगी। कई लोगों ने तो खुल कर प्रतिक्रिया भी दी और बाकी लोग मन ही मन कुढ़ रहे होंगे। गोयल ने राजनीतिक जोखिम भी लिया है।

उन्होंने जब कहा कि भारत में सिर्फ फूड डिलीवरी, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी या बेटिंग, गेमिंग के स्टार्टअप्स बन रहे हैं, जबकि चीन में एआई और ईवी के स्टार्टअप्स बन रहे हैं तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दावे पर भी सवाल खड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी बार बार कहते रहे हैं कि भारत स्टार्टअप्स का कैपिटल है और दावा करते हैं कि भारत के कितने स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न बन गए यानी सौ करोड़ डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाले बन गए। लेकिन उनके इस दावे के बरक्स पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप्स की हकीकत बताई है। उन्होंने बड़ा जोखिम लिया है।

पीयूष गोयल ने स्टार्टअप महाकुंभ में बोलते हुए कहा, 'भारत में स्टार्टअप्स फूड डिलीवरी, फैंसी आइसक्रीम व कुकीज, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी, बेटिंग व फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप्स और रील्स व इन्फ्लूएंसर्स इकोनॉमी बनाने में बिजी हैं'। उन्होंने भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से करते हुए कहा कि दूसरी ओर चीन में 'ईवी व बैटरी टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, एआई रोबोटिक्स व ऑटोमेशन, ग्लोबल लॉजिस्टिक्स, ट्रेड व डीप टेक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े स्टार्टअप्स शुरू हो रहे है'। गोयल इतने पर नहीं रूके उन्होंने यह भी कहा कि वे ऐसे तीन या चार अरबपतियों को जानते हैं, जिनके बच्चों ने बहुत फैंसी आइसक्रीम और कुकीज के ब्रांड बनाए और वे सफल कारोबार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे दिक्कत नहीं है लेकिन क्या यही भारत का भविष्य है और क्या देश इससे संतुष्ट है? उनको सुनते हुए कई बार लगा कि कोई कम्युनिस्ट या सोशलिस्ट लीडर बोल रहा है। उन्होंने कहा, 'आज भारत का स्टार्टअप क्या है? हम फूड डिलीवरी ऐप्स पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और बेरोजगार युवाओं को सस्ता मजदूर बना रहे हैं ताकि अमीर लोग घर से निकले बगैर अपना भोजन प्राप्त कर सकें'।

भारत के वाणिज्य मंत्री ने अपने इस भाषण से ऐसी दुखद सचाई को एक्सपोज किया है, जिस पर अभी तक परदा डाला जाता रहा है और ऐसी छोटी छोटी चीजों को बड़ा बना कर देश की उपलब्धि के तौर पर पेश किया जाता रहा है। सवाल है कि भारत क्यों ऐसी स्थिति में है? भारत इस स्थिति में इसलिए है क्योंकि भारत के कारोबारी जोखिम नहीं ले सकते हैं। वे इनोवेशन यानी नई चीजों के रिसर्च में पैसा खर्च नहीं कर सकते हैं। वे अनदेखे क्षेत्र में कदम ही नहीं रख सकते हैं। बचपन से इस देश में 'महाजनो येन गत: स पंथा' पढ़ाया जाता है। यानी समझदार लोग जिस रास्ते पर गए हों उसी पर चलें। लीक छोड़ कर चलने की शिक्षा नहीं दी जाती है। तभी भारत के कारोबारी इंतजार करते हैं कि दुनिया के दूसरे देशों में लोग रिसर्च पर पैसे खर्च करें और नई तकनीक ईजाद करें और उत्पाद बना लें तो वे बाद में उसका इस्तेमाल कर लेंगे। यानी इनोवेटर नहीं कंज्यूमर बनने की ही सोच देश के खरबपतियों की भी है।

तभी दुनिया भर के देशों में जब फूड डिलीवरी ऐप्स बन गए, डिजिटल भुगतान के ऐप्स बन गए, कैब और फूड एग्रीगेटर के ऐप्स बन गए तो भारत के अरबपतियों ने उनकी नकल करके अपने ऐप्स बनाए और सचमुच भारत के बेरोजगार युवाओं को सस्ते मजदूर में बदल दिया। स्विगी, जोमैटो से लेकर ब्लिंकिट और बिग बास्केट तक और भारत पे से लेकर पेटीएम तक और ओला से लेकर मिंत्रा तक और जेरोधा से लेकर ग्रो तक जितने भी ऐप्स बन हैं और जिनसे भारत में नई पीढ़ी के अरबपति बने हैं उनमें से कोई भी ऐप नया इनोवेशन नहीं है और कोई भी ऐप ऐसा नहीं है, जो भारत से बाहर दुनिया के दूसरे देश में इस्तेमाल किया जा रहा हो और उससे भारत में पैसा आ रहा हो। लगभग सारे स्टार्टअप्स और सारे ऐप्स भारत के लोगों को छोटी छोटी सुविधाएं देने के लिए ही हैं। उनसे भारत को बड़ी इकोनॉमी बनाने या भारत की बुनियादी व चिरंतन समस्याओं के समाधान का रास्ता नहीं बनता है।

पीयूष गोयल ने सिर्फ चीन से तुलना की अगर अमेरिका और यूरोप के देशों से तुलना की जाए तो भारत के स्टार्टअप्स और भी थके हुए और समय से पीछे के दिखाई देंगे। कोई भी नया इनोवेशन नहीं है। कोई भी तकनीक ऐसी नहीं है, जिसे पेटेंट कराया जाए तो दुनिया वाह कहे और उसका इस्तेमाल करने के लिए लाखों, करोड़ों डॉलर खर्च करे। भारत के खरबपति सरकारी नियम, कानूनों और देश की संपदा का इस्तेमाल करके अपनी संपत्ति बढ़ाते हैं। उनको नया कुछ भी करने की जरुरत नहीं है। इसी तरह भारत के जो स्टार्टअप्स हैं उन्हें शुरू करने वालों के पास भी कोई नया आइडिया नहीं है। वे दुनिया में आजमा लिए गए आइडिया पर ही काम करते हैं। सैम ऑल्टमैन और इलॉन मस्क ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम किया और ओपन एआई की स्थापना की, जिससे पूरी दुनिया में एआई की क्रांति आई है। गूगल, फेसबुक, यूट्यूब, एक्स से लेकर आयोस, एंड्रॉयड तक सारी प्रौद्योगिकी का आविष्कार दूसरे लोगों ने किया। भारत के खरबपति और स्टार्टअप्स शुरू करने वाले युवा ऐसी ही तकनीकों का इस्तेमाल करके कमाई कर रहे हैं।

ऐसा नहीं हुआ कि अमेरिका में ओपन एआई के तहत चैटजीपीटी बना तो भारत में किसी ने जेनेरेटिव एआई टूल्स बनाने में निवेश किया और कुछ नया बना लिया लेकिन चीन के एक उद्यमी ने डीपसीक बना लिया। अब भारत या तो चैटजीपीटी का इस्तेमाल करेगा या डीपसीक का करेगा। इस मामले में अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से बेहतर नहीं है भारत की स्थिति। उधर चीन में बैटरी तकनीक पर इतना काम हुआ है कि उसकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी बीवाईडी और ली ऑटो ने अमेरिका की टेस्ला और जर्मनी के फॉक्सवैगन की नींद उड़ा रखी है। इधर भारत में ओला ने ईवी स्कूटर बनाया तो हजारों, लाखों ग्राहक रोज शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं और कंपनी उनकी शिकायतें दूर करने में सक्षम नहीं है।



## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम आतंकी हमला : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीच में छोड़ी अमेरिका-पेरू यात्रा

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका-पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़ दी। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी कि वित्त मंत्री इस कठिन और दुखद समय में अपने लोगों के साथ रहने के लिए वापस लौट रही हैं। भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में भारत की आर्थिक गतिशीलता को दर्शाने के लिए वित्त मंत्री सीतारमण 20 अप्रैल को अमेरिका-पेरू की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्रालय ने लिखा, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका-पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़ रही हैं। मंत्रालय ने आगे कहा, इस कठिन और दुखद समय में अपने लोगों के साथ रहने के लिए वह जल्द से जल्द भारत वापस आ रही हैं। वित्त मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम से दिल दहला देने वाली खबर। दुख व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं आतंकवादी कृत्य की निंदा करती हूं। उन्होंने आगे लिखा, सभी पीड़ित परिवारों और मृतकों के दोस्तों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को दोहराती हूं, इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगाज्उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

### हिमाचल में नई आबकारी नीति लागू, शराब पर लगेगा प्राकृतिक खेती सेस; छुट्टी के दिन भी होगी सप्लाई

शिमला ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने नई आबकारी नीति को अधिसूचित कर दिया है। मंगलवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक अब प्रदेश में देसी शराब की प्रति बोतल पर 2 रुपये और अंग्रेजी व विदेशी शराब की प्रति बोतल पर 5 रुपये का प्राकृतिक खेती सेस लगाया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह सेस प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वसूला जाएगा। आबकारी विभाग की ओर से जारी नियमों के तहत अब छुट्टी के दिन भी थोक विक्रेता शराब की फैक्टरी से लाइसेंस लेकर सप्लाई ले जा सकेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शराब की दुकानों तक समय पर स्टॉक पहुंचे। नए नियमों के तहत शराब और बीयर की प्रति बोतल पर लगने वाली लाइसेंस फीस को श्रेणीवार तय किया गया है। इसके अलावा हिमाचल में शराब फैक्टरी स्थापित करने के लिए भी लाइसेंस फीस का निर्धारण किया गया है। प्रधान सचिव देवेश कुमार के अनुसार, नई नीति से राज्य को राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी और शराब वितरण प्रणाली को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

### आतंकवादियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करे सरकार, याद कर उनकी 10 पीढ़ियां भी कांप उठें : राज ठाकरे


मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इसके साथ ही मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्र सरकार से अपील की कि आतंकवादियों के खिलाफ ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए कि उनकी अगली 10 पीढ़ियां भी उन्हें याद करके कांप उठें। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस घटना में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उन्हें महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत गंभीर है, और इस संकट की घड़ी में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सरकार के साथ खड़ी है। केंद्र सरकार को अब इन हमलावरों के खिलाफ ऐसे कदम उठाने चाहिए कि इन हमलावरों की अगली 10 पीढ़ियां भी उन्हें याद करके कांप उठें। 1972 में म्यूनिख ओलंपिक के दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने इजरायली एथलीटों पर हमला किया था। इसके बाद इजरायल ने उन आतंकवादियों और उनके मास्टरमाइंड को इस तरह खत्म किया था कि लंबे समय तक फिलिस्तीनियों के मन में खौफ बैठ गया था। भारत और इजरायल के संबंध बेहद मजबूत हैं। हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र सरकार इजरायल की राह पर चलकर इन आतंकवादियों और उनके सभी समर्थकों को हमेशा के लिए खत्म कर देगी। इस हमले के बारे में पढ़ते समय एक चौंकाने वाली बात सामने आई। एक प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि हमलावरों ने गोली चलाते समय सामने वाले का धर्म पूछा। यह क्या गुस्ताखी है? मैंने अपने कई भाषणों में कहा है कि अगर इस देश में कोई हमारे हिंदुओं पर हमला करेगा, तो हम सभी हिंदू एकजुट होकर उसका जवाब देंगे। इन हमलावरों के पीछे के मास्टरमाइंड चाहे कहीं भी छिपे हों, उन्हें हमारी ताकत का अहसास होना चाहिए।

### पहलगाम आतंकी हमले में पश्चिम बंगाल के तीन लोगों की मौत, सीएम ममता ने कहा, हम सभी के लिए दुखद समय

कोलकाता (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस आतंकी हमले में पश्चिम बंगाल के तीन लोगों की मौत हुई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमें उपलब्ध कराई गई लेटेस्ट जानकारी के अनुसार, कश्मीर में हुए अत्यंत दुखद हमले में हमारे राज्य के तीन लोगों की मृत्यु हो गई है। उन्होंने कहा, मृतकों के परिवार के सदस्यों की मदद करने और कोलकाता तक उनकी आगे की यात्रा के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर हमारे प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। फ्लाइट के आज रात 8:30 बजे कोलकाता पहुंचने की संभावना है। दिल्ली में हमारा रेजिडेंट कमिश्नर कार्यालय परिवार के सदस्यों के संपर्क में है। मैं स्वयं इसकी निगरानी कर रही हूं और हमारे वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए अत्यंत दुखद समय है। सीएम ने आगे कहा, मृतकों में बितेन अधिकारी (बैष्णभघाटा, कोलकाता), समीर गुहा (साखर बाजार, कोलकाता) और मनीष रंजन (झालदा, पुरुलिया) शामिल हैं। मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है, हालांकि मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। हम उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला किया था। हमले में कम से कम 25 पर्यटकों की मौत हो गई और कई अन्य पर्यटक एवं स्थानीय लोग घायल हो गए। पूरे विश्व ने इस हमले की निंदा की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पर नजर बनाए हुए हैं।

# पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को कड़ा जवाब मिलेगा : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को ''निकट भविष्य'' में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और भारत ऐसी किसी भी आतंकवादी गतिविधि से ''भयभीत'' नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल उन लोगों को ढूंढ़ेगा जिन्होंने हमला किया, बल्कि उन लोगों का भी पता लगाएगा जिन्होंने ''पर्दे के पीछे बैठकर'' भारतीय धरती पर इस नापाक कृत्य को अंजाम देने की साजिश रची। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। रक्षा मंत्री ने वार्षिक अर्जन सिंह स्मारक व्याख्यान देते हुए यह टिप्पणी की। संबोधन से कुछ घंटे पहले सिंह ने लगभग ढाई घंटे की बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी,



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

रक्षा मंत्री ने कहा, ''कल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म को निशाना बनाकर किए गए कायराना हमले में हमारे देश ने कई निर्दोष नागरिकों को खो दिया। इस अत्यंत अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे दुख और पीड़ा में डाल दिया है।'' सिंह ने कहा, ''मैं इस मंच से देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वह कदम उठाएगी जो आवश्यक और उचित होगा।''

रक्षा मंत्री ने कहा, ''भारत इतनी पुरानी सभ्यता और इतना बड़ा देश है कि वह किसी भी आतंकवादी गतिविधि से भयभीत नहीं हो सकता।'' उन्होंने कहा, ''ऐसे कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों को निकट भविष्य में मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। सिंह ने पहलगाम में हुए हमले को ''अत्यंत अमानवीय'' बताया, जिसने ''हम सभी को अत्यंत दुखी कर दिया है''। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, ''मैं भारत के इस दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की है।'' सिंह ने कहा कि भारत का हर नागरिक इस कायराना कृत्य के खिलाफ एकजुट है। सिंह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में आतंकवादी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में उत्पन्न स्थिति के सभी संभावित पहलुओं पर चर्चा की गई। सूत्रों ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया।



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाली टॉपर शक्ति दुबे का प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्थानीय निवासियों द्वारा स्वागत किया गया।

### पहलगाम आतंकी हमला बहुत दर्दनाक और अकल्पनीय : तेजस्वी यादव

पटना (ए.)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को ''बहुत दर्दनाक'' बताते हुए कहा कि इस तरह पर्यटकों की जान लेना 'अकल्पनीय' है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से यह भी कहा कि आतंकवादियों ने उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र पर हमला किया और गोलीबारी 20 मिनट तक जारी रही। नेता प्रतिपक्ष यादव ने कहा, हम इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करना चाहते। यह बहुत दुखद घटना है। इस तरह से पर्यटकों की हत्या अकल्पनीय है। उन्होंने कहा, मृतकों में से एक बिहार का रहने वाला था, लेकिन वह हैदराबाद में तैनात था। हम सभी शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

# इस्लाम में ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं

## पहलगाम हमले पर बोले अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख



अजमेर (ए.)। अजमेर शरीफ दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख सैयद जैनुल आबेदीन अली खान ने बुधवार को पहलगाम हमले को दर्दनाक घटना करार दिया और कहा कि इस्लाम में इस तरह के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। एएनआई से बात करते हुए, सैयद खान ने जोर देकर कहा कि कोई भी धर्म किसी को उसका धर्म पूछकर किसी को गोली मारने का अधिकार नहीं देता है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही दर्दनाक घटना है, और इस्लाम में इस तरह के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है।

सैयद जैनुल खान ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं के अनुसार, यदि एक भी निर्दोष व्यक्ति मारा जाता है, तो यह माना जाता है कि पूरी मानवता को मार दिया गया है। निर्दोष लोगों को क्यों मारा जा रहा है? इस्लामी दृष्टिकोण से, ऐसे लोग मुसलमान कहलाने के लायक नहीं हैं। उन्होंने कहा, कोई भी धर्म किसी को यह अधिकार नहीं देता कि वह किसी का धर्म पूछकर गोली मार दे। आप इस्लाम को क्यों बदनाम कर रहे हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए।

इसके अलावा, अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी से आतंकवाद की जड़ों को नष्ट करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं देश के प्रधानमंत्री से अपील करता हूं कि अब समय आ गया है कि हम आतंकवाद को जड़ से खत्म करें, चाहे वह कहीं भी मौजूद हो, ताकि हमारे जवानों का खून सीमाओं पर न बहे। इस बीच, मंगलवार को हुए दुखद आतंकी हमले के बाद, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पहलगाम के बैसरन मैदान में आतंकी हमले के स्थल पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने पहले हेलीकॉप्टर से घटनास्थल पर पहुंचकर क्षेत्र का हवाई जायजा लिया, जो अब हिंसा के निशानों को झेल रहा है।

### छात्रावास में साथियों ने की 15 वर्षीय छात्र की गला दबाकर हत्या

नई दिल्ली (ए.)। ओडिशा के क्योंझर शहर में एक निजी आवासीय विद्यालय में 15 वर्षीय छात्र को उसके तीन सहपाठियों ने कथित तौर पर गला दबाकरमार डाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान क्योंझर जिले के बड़िया थाना क्षेत्र के टांगरपाड़ा गाँव के निवासी जलधर महनात के रुप में हुई है। यह घटना निजी संस्थान के छात्रावास में सोमवार की रात हुई और पीड़ित के परिवार ने मंगलवार को क्योंझर शहर के थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। क्योंझर सदर के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सुदर्शन गांगोई ने बताया कि मृतक जलधर सहित क्योंझर और बाहर के कई छात्र उस संस्थान में ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रम कर रहे थे। उन्होंने कहा, मंगलवार को नाबालिग लड़के के चाचा युधिष्ठिर महनात ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनके भतीजे की मौत में साजिश की आशंका है। जांच के दौरान पता चला कि हत्या में छात्रावास के तीन छात्र शामिल हैं।

# हिमालय में सालों से कम हो रही बर्फबारी, जल सुरक्षा खतरे में?

**-दो अरब की आबादी पिघलते ग्लेशियरों से निकलने वाले पानी पर निर्भर**

नई दिल्ली,(ए)। हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला में बर्फबारी पिछले 23 सालों में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह हालात उन दो अरब लोगों के लिए गंभीर खतरा है जो पिघलते ग्लेशियरों से निकलने वाले पानी पर निर्भर हैं। एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में बर्फ की कमी का यह रुझान लगातार तीसरे साल भी जारी है और इससे क्षेत्र में जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला अफगानिस्तान से म्यांमार तक फैली है, जबकि आर्कटिक और अंटार्कटिक महाद्वीप के बाद बर्फ और ग्लेशियरों का सबसे बड़ा भंडार इसी क्षेत्र में है। ये जलाशय करीब दो अरब लोगों के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं, जबकि कृषि, घरेलू इस्तेमाल और अन्य जरुरतों के लिए भी इन्हीं जलाशयों पर निर्भर रहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में मौसमी बर्फ आवरण सामान्य से 23.6 फीसदी कम है, जो पिछले 23 सालों में सबसे निचला स्तर पर है। रिपोर्ट के मुख्य लेखक शेर मोहम्मद ने कहा कि इस साल बर्फबारी जनवरी के अंत में शुरू हुई और पूरे शीतकाल में औसत से कम रही। उन्होंने कहा कि इस कमी से नदी के प्रवाह में संभावित कमी, भूजल पर निर्भरता में वृद्धि, और सूखे जैसे जोखिम में वृद्धि हो सकती है। क्षेत्र के कई देशों ने पहले ही सूखे की चेतावनी जारी कर दी है, जबकि फसल की पैदावार और पानी की उपलब्धता भी खतरे में है।

### पीएम मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश, सऊदी से लौटते वक्त नहीं किया एयरस्पेस का इस्तेमाल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। सऊदी अरब के जेद्दा से भारत लौटते समय प्रधानमंत्री का विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से नहीं गुजरा, जबकि जाते समय विमान ने इसी रूट का इस्तेमाल किया था।बुधवार को जेद्दा से तत्काल वापस लौटते समय पीएम मोदी के विमान ने पाकिस्तान के बजाय दूसरा रास्ता चुना। गौरतलब है कि मंगलवार सुबह दिल्ली से जेद्दा जाते वक्त प्रधानमंत्री का विशेष विमान पाकिस्तान के एयरस्पेस से होकर ही गुजरा था।प्रधानमंत्री के इस कदम को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण और स्पष्ट संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। इसके जरिए पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि आतंकवादियों का समर्थन कर और भारत में अशांति फैलाकर पाकिस्तान भारत के साथ रिश्तों को सामान्य नहीं कर सकता। भारत से सऊदी अरब जाने का सबसे आसान और तेज़ रास्ता पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसका दूसरा विकल्प मुंबई से अरब सागर के ऊपर से है। कयास लगाए जा रहे हैं कि पीएम मोदी के विमान ने लौटते समय इसी दूसरे रूट का इस्तेमाल किया, जो दूरी में थोड़ा लंबा है।

### मुख्यमंत्री धामी ने दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सीएम आवास में आयोजित बैठक में दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री ने हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, उत्तराखंडवासियों की ओर से मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी पूरी संवेदना प्रकट करता हूं। यह कायराना हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि हमारे देश की संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर भी हमला है। सीएम धामी ने कहा कि आतंवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी। इस कृत्य का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला किया था। हमले में दो विदेशी नागरिकों समेत कम से कम 16 पर्यटकों की मौत हो गई और 20 अन्य पर्यटक एवं स्थानीय लोग घायल हो गए। हालांकि, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। पूरे विश्व ने इस हमले की निंदा की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पर नजर बनाए हुए हैं।

### पहलगाम टेरर अटैक के बाद डीजीसीए की एडवाइजरी, एयरलाइंस से कही दो अहम बातें

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुलवामा टेरर अटैक से उपजे हालात के बीच नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी की है। डीजीसीए ने एयरलाइनों को टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी और रद्दीकरण शुल्क माफ करने के संबंध में परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने एडवायजरी के अनुसार- पहलगाम में हुई घटना के बाद, अपने घर लौटने के इच्छुक पर्यटकों की ओर से अप्रत्याशित मांग की गई है। इस संबंध में, एयरलाइनों को सलाह दी जाती है कि वे बढ़ती मांग के जवाब में उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए त्वरित कार्रवाई करें और साथ ही श्रीनगर से भारत भर के विभिन्न गंतव्यों तक बिना किसी व्यवधान के कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें, जिससे फंसे हुए पर्यटकों को निकालने में सुविधा हो। इसमें आगे निवेदन किया गया है कि टिकट कैंसिलेशन और रीशेड्यूलिंग फीस को लेकर भी गंभीरता से विचार किया जाए। रिलीज में आगे लिखा है- एयरलाइंस से यह भी अनुरोध किया जाता है।

# मणिपुर के कामजोंग जिले में कई घरों में आग लगाई गई, दो गांवों में कर्फ्यू

इंफाल (ए.)। मणिपुर के कामजोंग जिले के दो गांवों में बुधवार की सुबह अज्ञात हथियारबंद लोगों ने कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय घटी जब जिले के सहामफुंग सब-डिवीजन के गम्पाल और हैयांग गांवों के अधिकांश निवासी कृषि संबंधी कार्यों के लिए खेतों में गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती खबरों के मुताबिक सात से अधिक घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। अधिकारी के अनुसार, इनमें से



अधिकतर घर फूस की छत वाले थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद कामजोंग के जिलाधिकारी रंगनामी रंग पीटर ने अपराह्न दो बजे से दोनों गांवों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। जिलाधिकारी के आदेश में कहा गया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 की उपधारा एक के तहत किसी भी व्यक्ति के अपने आवास से बाहर जाने पर रोक लगाई जाती है। आधिकारिक आदेश में पीटर ने कहा, ''ऐसी गड़बड़ियों से शांति को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है और मानव जीवन व संपत्तियों को क्षति की आशंका पैदा हो सकती है।'' आदेश में हालांकि स्पष्ट किया गया है कि ये प्रतिबंध कानून और व्यवस्था बनाए रखने या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में शामिल सरकारी एजेंसियों पर लागू नहीं होंगे।



फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा ने नई दिल्ली में फिक्की में सभा को संबोधित किया.

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट, नेपाल सीमा पर कड़ी निगरानी



लखनऊ, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में नेपाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा और सभी जिलों के बस स्टेशनों व रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए यूपी पुलिस को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला किया था। हमले में दो विदेशियों सहित 16 पर्यटकों की मौत हो गई और 20 अन्य पर्यटक और स्थानीय लोग घायल हो गए। हालांकि, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। समूचे विश्व ने इस हमले की निंदा की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पर नजर बनाए हुए हैं। इस घटना के तुरंत भारतीय सुरक्षा बल इलाके की निगरानी कर रहे हैं। सेना की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, संयुक्त बल स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। चिकित्सा टीमों को तुरंत तैनात किया गया और हताहतों को निकालने का काम शुरू किया गया। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा बैसरन, पहलगाम, अनंतनाग के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया है, जो अभी भी जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक तत्काल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए श्रीनगर पहुंचे और सुरक्षा बलों ने अपराधियों की तलाशी के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया।

# प्रेग्नेंट कियारा के करीब पहुंचे पैपराजी तो चिल्ला पड़े सिद्धार्थ, वीडियो देख यूजर्स ने की तारीफ





हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सिद्धार्थ मल्होत्रा पैपराजी पर नाराज होते नजर आ रहे हैं। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है?

बॉलीवुड के चहेते स्टार जोड़े कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। तीन महीने पहले दोनों ने अपने फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की थी। आज (23 अप्रैल) इस जोड़े को मुंबई के एक अस्पताल के बाहर देखा गया, जहां सिद्धार्थ ने अपनी गर्भवती पत्नी कियारा की सुरक्षा के लिए पैपराजी पर नाराज होते नजर आए।

**पैपराजी पर फूटा सिद्धार्थ का गुस्सा**

सिद्धार्थ मल्होत्रा आमतौर पर मीडिया के साथ दोस्ताना व्यवहार करते हैं और अक्सर फोटोग्राफर्स के लिए पोज देते हैं। लेकिन आज, जब कुछ पैपराजी ने अस्पताल से बाहर निकलते समय कियारा की तस्वीरें लेने के लिए उनकी कार को आक्रामक तरीके से घेर लिया तो सिद्धार्थ का गुस्सा फूट पड़ा।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में अभिनेता को सख्त लहजे में पैपराजी को चेतावनी देते सुना जा सकता है। वीडियो में वह कह रहे हैं, "आप लोग ठीक से व्यवहार करें। एक सेकंड, पीछे हटें, ठीक से व्यवहार करें। क्या अब मुझे गुस्सा करना पड़ेगा?"

## प्रतीक गांधी-पत्रलेखा की विवादित फिल्म फुले को मिली रिलीज डेट, 25 अप्रैल को होगी रिलीज

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों फिल्म फुले को लेकर बवाल मचा हुआ है।महात्मा ज्योतिबा फुले की जिंदगी पर आधारित फिल्म फुले में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा ने अहम किरदार प्ले किए हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट काफी समय से अटकी पड़ी है, जो मामला आखिरकार निपट गया है। फिल्म फुले के डायरेक्टर अनंद महादेवन ने मीडिया से बात करते हुए ये कन्फर्म कर दिया है कि फिल्म फुले 25 अप्रैल के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म फुले की रिलीज डेट पक्की हो जाने के बाद इंडस्ट्री में खुशी का माहौल है और हर कोई इसका इंतजार कर रहा है। असल में फिल्म फुले में डायरेक्टर अनंत महादेवन ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जिंदगी को दिखाया है और उस दौर की सच्चाई दिखाने की कोशिश की है, जब बड़ी जाति के लोग छोटी जाति के लोगों पर अत्याचार करते थे। फिल्म फुले का ट्रेलर जैसे ही दर्शकों के सामने आया, वैसे ही ब्राह्मण समाज नाराज हो उठा और उसने इसकी रिलीज का विरोध करना शुरू कर दिया। ब्राह्मण समाज के विरोध के बाद सेंसर बोर्ड ने थोड़ा वक्त लिया और इसके सीन्स को ठीक से एनालाइज करने के बाद फुले को सर्टिफिकेट दिया।

# दिलों को झकझोर देने वाले पहलगाम हमले पर श्रेया घोषाल का पोस्ट, लिखा, 'मैं भुला नहीं पा रही'



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार को हुए आतंकी हमला से पूरा देश सहम गया है। इस मामले में कई मासूम लोगों की जाने गईं। उन्हें बड़ी ही बेदर्दी से सरेआम मार दिया गया। उनका दुख और तकलीफ आज किसी भी भीरतीय के लिए गहरा सदमा है। इस दर्दनाक घटना पर कई सेलेब्स ने दुख जताया और सोशल मीडिया के जरिए अपनी राय व्यक्त की हैं। वहीं श्रेया घोषाल ने भी अपना दर्द सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया है।

**श्रेया घोषाल का इंस्टाग्राम पोस्ट**

श्रेया घोषाल ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर पहलगाम हमले पर अपनी राय शेयर करते हुए लिखा, 'मैं पहलगाम पर हुए हमले के बारे में सोचना नहीं छोड़ पा रही हूं। उन परिवारों की जिंदगी अब पहले जैसी नहीं हो पाएगी।

उन जिंदगियों का हिंसा से क्या लेना-देना- श्रेया

आगे श्रेया ने लिखा, 'मेरा दिल टूट गया जब मुझे पता चला कि इतनी खूबसूरत और शांत जगह पर कई जाने गईं, मुझे लगता है कि उन जिंदगियों का हिंसा से कोई लेना देना नहीं है, फिर भी इसका शिकार बन गए।'

**हम इसे याद रखेंगे - श्रेया**

आगे श्रेया ने लिखा, 'यह हमारे राष्ट्र की आत्मा पर एक गहरा घाव है। मेरी संवेदना उन सभी परिवारों के साथ हैं, जो इस मूर्खतापूर्ण हिंसा से टूट गए हैं, हम आपके साथ दुखी हैं और हम इसे याद रखेंगे।'

## पहलगाम हमले पर बोले सलमान- एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने जैसा, शाहरुख ने लिखा- शब्द कम पड़ जाएंगे



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार को आतंकवादियों ने टूरिस्टों को बर्बर तरीके से मौत के घाट उतार दिया। इस हमले से पूरा देश सदमे में है। जानकारी के मुताबिक इस दर्दनाक हमले में अभी तक 26 मासूमों की जान चली गई है। इस मामले पर देशभर के लोग आक्रोश जाहिर कर रहे हैं।

इस घटना पर अक्षय कुमार से लेकर संजय दत्त समेत कई सेलेब्स ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। अब इस दुखद घटना पर शाहरुख खान और सलमान खान जैसे दिग्गज सितारों ने न्याय की मांग करते हुए इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा की है।

**सलमान खान ने कहा कि कश्मीर नर्क बन रहा**

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, धरती का स्वर्ग कहा जाने वाला कश्मीर नर्क में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर है।

## माधुरी दीक्षित के पति डॉ. नेने ने शराब छोड़ने के बाद 18 किलो घटाया वजन, बने शाकाहारी



बॉलीवुड धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित के पति और मशहूर कार्डियक सर्जन डॉ. श्रीराम नेने ने अपनी सेहत में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने शाकाहारी जीवनशैली अपनाई और 18 किलो वजन कम किया है।

**क्यों बने शाकाहारी**

द इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक, माधुरी दीक्षित के पति डॉ नेन ने हाल ही में एक पैनल चर्चा के दौरान अपने यूट्यूब चैनल पर बताया कि उनके स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें पता चला की उनकी सेहत ठीक नहीं है। डॉक्टर होने के बावजूद उनकी सेहत खराब थी, जिसके बाद उन्होंने अपनी जीवनशैली बदलने का फैसला किया। डॉ. नेने ने शराब छोड़ दी और शाकाहारी भोजन शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पूरे 18 किलो वजन घटाया। यह कमाल डॉ नेने ने करीब 9-10 महीनों में कर दिखाया और अपनी सेहत को पूरी तरह से बदल दिया।

**पिता की भी कर चुके हैं मदद**

डॉ. नेने ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने पिता की सेहत भी सुधारी थी, जिन्हें 80 साल की उम्र में डायबिटीज की दवा से छुटकारा मिल गया। डॉ. नेने कई सालों तक अमेरिका में डॉक्टर के तौर पर काम किया है और अब भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में युवा उद्यमियों की मदद कर रहे हैं।

## शो 'बड़े अच्छे लगते हैं' में नजर आएंगी शिवांगी, चर्चा में एक्ट्रेस की वैनिटी का वायरल वीडियो



जल्द ही सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन में एक्ट्रेस शिवांगी जोशी नजर आएंगी। शिवांगी के फैंस उन्हें छोटे पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक लग्जरी वैनिटी दिख रही हैं, इसे शिवांगी का बताया जा रहा है। टीवी सीरियल के एक्टर्स को इस तरह की वैनिटी कम ही मिलती है।

किसी घर से कम नहीं वैनिटी


सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर शिवांगी का एक फैन पेज है, जिस पर एक वीडियो साझा किया गया है। इस वीडियो में एक लग्जरी वैनिटी वैन दिख रही हैं, जो किसी आलीशान घर जैसी लग रही है। इसमें हर सुविधा है। इस वीडियो में दिखाई गई वैनिटी के बारे में कहा जा रहा है कि ये एक्ट्रेस शिवांगी जोशी की है। सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन के लिए उन्हें ये वैनिटी मिली है।

# नो एंट्री के सीक्वल में बिपाशा बसु की जगह लेंगी तमन्ना भाटिया



पिछले काफी समय से नो एंट्री का सीक्वल चर्चा में है। पिछले साल दिसंबर में इसके सीक्वल का ऐलान हुआ था। निर्माता बोनी कपूर ने घोषणा की थी कि फिल्म के सीक्वल में पुराने सितारे नजर नहीं आएंगे।फिर खबर आई कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ की एंट्री हो गई है।काफी समय से बिपाशा बासु वाली भूमिका के लिए हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब तमन्ना भाटिया पर आकर खत्म हुई है।रिपोर्ट के मुताबिक, तमन्ना फिल्म में बिपाशा बसु वाला किरदार निभाएंगी। अजय देवगन की रेड 2 में अपने शानदार आइटम नंबर के लिए सुर्खियां बटोर रहीं तमन्ना की भूमिका फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाएगी।तमन्ना ने आधिकारिक रूप से इस फिल्म को साइन कर लिया है। वह इस मजेदार कॉमेडी फ्रैंचाइजी से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।नो एंट्री के सीक्वल में फिल्मी दुनिया से जुड़ीं 10 नामचीन अभिनेत्रियां नजर आने वाली हैं।तमन्ना के अलावा निर्माता एक और प्रमुख महिला भूमिका के लिए हीरामंडी में अहम भूमिका निभा चुकीं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## वॉश बेसिन में क्यों होता है छोटा सा छेद? ज्यादातर लोगों को नहीं पता इसका जवाब, जानिए खबर में



अधिकांश लोगों के किचन में सिंक और बाथरूम या हॉल में वॉशबेसिन होता है. यह बहुत जरूरी भी है, क्योंकि अगर किचन में बेसिन नहीं होगा तो हम बर्तन कहां साफ करेंगे. इसी तरह अगर बाथरूम और हॉल में वॉशबेसिन नहीं होगा तो हम हाथ कहां साफ करेंगे और ब्रश कहा करेंगे? वहीं, यदि वॉशबेसिन ठीक से काम न करें तो सारा काम रुक जाता है. अगर लीकेज हो तो इनका इस्तेमाल नहीं हो पाता. सिंक हो या वॉशबेसिन, दोनों का डिजाइन लगभग एक जैसा ही होता है, लेकिन अगर आपने ध्यान से देखा होगा तो आपको वॉशबेसिन में नल के ठीक नीचे एक छोटा सा छेद नजर आया होगा. सिंक में ऐसा छेद नहीं लगाया जाता. क्या आपने कभी सोचा है कि वॉशबेसिन में ये छेद क्यों बनाया जाता है? अगर नहीं जानते तो यहां जान लीजिए...

1.इस छोटे छेद का मुख्य कार्य यह है कि यह पानी को ओवरफ्लो होने से रोकता है. जी हां, इस छोटे से छेद का प्राथमिक उद्देश्य पानी को वॉशबेसिन में ओवरफ्लो होने से रोकना है. यदि आप कभी नल बंद करना भूल जाते हैं या मुख्य नाली जाम हो जाती है, तो ओवरफ्लो छेद से एक्स्ट्रा पानी को वापस ड्रेनेज सिस्टम में भेज देता है, जिससे पानी फर्श पर नहीं भरता और आपके घर या बाथरूम के उपकरणों को संभावित पानी के नुकसान से बचाता है.

2.इस छोटे छेद का एक और कार्य यह है कि यह पानी को तेजी से निकालने में मदद करता है. ओवरफ्लो छेद हवा को जल ड्रेनेज सिस्टम में प्रवेश करने की भी अनुमति देता है, जो वैक्यूम प्रभाव को तोड़ता है जो पानी के फ्लो को धीमा कर सकता है. इसके साथ ही पानी को अधिक तेजी से और कुशलता से निकालने में सक्षम बनाता है.

3.जब पानी बहकर काउंटरटॉप या फर्श पर रह जाता है, तो यह नमी वाला वातावरण बनाता है, जो फफूंद और बैक्टीरिया की वृद्धि को कम करता है. ओवरफ्लो होल रूके हुए पानी को कम करने में मदद करता है, जिससे बाथरूम साफ और स्वस्थ रहता है.

4.यह छोटा सा छेद बच्चों और बुजुर्गों के लिए बहुत सुरक्षित माना जाता है. दरअसल, जिन घरों में बच्चे या बुजुर्ग होते हैं, वहां गलती से नल खुला छोड़ देना आसान होता है. ऐसे में ओवरफ्लो होल एक मूक रक्षक की तरह काम करता है, जो छोटी-छोटी गलतियों को बाढ़ जैसी बड़ी समस्या में बदलने से रोकता है.

# फल और सब्जियां खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, मिलेंगे ताजे उत्पाद



फल और सब्जियां हर किसी के खान-पान का अहम हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कई लोग गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें ताजे उत्पाद नहीं मिल पाते हैं। ताजे फल और सब्जियां खाने से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है।

इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप बाजार से ताजे फल और सब्जियां खरीद सकते हैं।

### मौसम के अनुसार चुनें फल और सब्जियां

फल और सब्जियां खरीदते समय मौसम का खास ध्यान रखें।

हर मौसम में अलग-अलग तरह के फल और सब्जियां होती हैं, जो ताजे और सेहतमंद होते हैं।उदाहरण के लिए गर्मियों में तरबूज, खरबूज और ककड़ी जैसी ताजगी और पानी से भरपूर सब्जियां मिलती हैं, जबकि सर्दियों में गाजर, मेथी और मूली जैसी सब्जियां ताजगी से भरपूर होती हैं। इससे न सिर्फ आपको ताजे उत्पाद मिलेंगे बल्कि पैसे भी बचेंगे।

### स्थानीय बाजार को दें प्राथमिकता

फल और सब्जियां खरीदने के लिए स्थानीय बाजार को प्राथमिकता दें।

स्थानीय बाजार में मिलने वाले फल और सब्जियां ताजे, पौष्टिक और सस्ते होते हैं। इसके अलावा स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग में कम रासायनिक तत्व होते हैं, जिससे आपकी सेहत पर बुरा असर नहीं पड़ता है।स्थानीय बाजार में खरीदारी करने से आपको ताजे और अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलते हैं, जो आपके परिवार के लिए बेहतर होते हैं।

### रंग और आकार पर ध्यान दें

फल और सब्जियां खरीदते समय उनके रंग और आकार पर ध्यान देना जरूरी है।

हमेशा चमकीले रंग की फल और सब्जियां चुनें क्योंकि ये अधिक पके हुए होते हैं और इनमें पोषक तत्व भी होते हैं।आकार में छोटे और मध्यम आकार के फल और सब्जियां चुनें क्योंकि ये ताजे और स्वादिष्ट होते हैं। इससे आपको बाजार से हमेशा बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलेंगे और आपके परिवार की सेहत भी बेहतर रहेगी।

### पैकेजिंग को न करें नजरअंदाज

अगर आप पैकेट बंद फल या सब्जियां खरीद रहे हैं तो उनकी पैकेजिंग पर खास ध्यान दें।ऐसी पैकेजिंग वाली चीजें चुनें, जिनमें कोई अप्राकृतिक रंग और अप्राकृतिक तत्व न हों। बेहतर होगा कि आप ऐसी पैकेजिंग वाली चीजें खरीदें, जो पर्यावरण के अनुकूल हों। इससे पर्यावरण को भी नुकसान कम होगा और आपकी सेहत पर भी अच्छा असर पड़ेगा। इसके अलावा खुली चीजें खरीदने से भी बचें क्योंकि उनमें सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता।

### विक्रेता से पूछें

फल और सब्जियां खरीदते समय विक्रेता से पूछना न भूलें कि ये कहां से आई हैं और इनमें कौन-कौन से रासायनिक तत्व इस्तेमाल हुए हैं।

अच्छे विक्रेता अपनी सभी जानकारी खुद बताते हैं और अगर किसी चीज में ज्यादा रासायनिक तत्व मिले हुए हों तो वह खुद ही वो चीजें वापस ले लेता है। इस तरह आप ताजे और स्वस्थ उत्पाद ही खरीद पाएंगे। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपनी अगली खरीदारी को बेहतर बना सकते हैं।

# आईपीएल 2025 में 40 मैच पूरे, किन बल्लेबाजों ने किया अब तक कमाल, किन गेंदबाजों ने छोड़ा सबसे ज्यादा प्रभाव

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में अब तक 40 मुकाबले खेले जा चुके हैं। यानी लीग का आधे से अधिक सफर पूरा हो चुका है। इस दौरान कई खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि अब तक सर्वाधिक रन और विकेट के मामले में टॉप पर भारतीय खिलाड़ी ही मौजूद हैं। बल्लेबाजों में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 8 पारियों में 52.12 की औसत से रन बनाए हैं।

वह सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में टॉप पर हैं। उनके इस प्रदर्शन ने जीटी को टॉप पर पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने 377 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 9 पारियां खेली हैं और 47.12 की औसत से रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 204.89 का रहा है, जो बहुत तेज है। सबसे तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो पूरन और पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्या सिर्फ दो ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इस सीजन में 200 प्लस रन बनाकर स्ट्राइक रेट भी 200 से ऊपर का बनाए रखा है।



तीसरे नंबर पर जीटी के बल्लेबाज जोस बटलर मौजूद हैं, जिन्होंने 8 पारियों में 71.20 की औसत से 356 रन बनाए हैं। बटलर का स्ट्राइक रेट भी 165.58 का रहा है। इस तरह जीटी के इन दो बल्लेबाजों का शीर्ष रन स्कोरर में टॉप प्रदर्शन रहा है।सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी पूरन ही छाए हुए हैं, जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 31 छक्के लगाए हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद श्रेयस अय्यर ने 20 छक्के लगाए हैं। पहले और दूसरे नंबर पर मौजूद बल्लेबाजों के छक्कों का अंतर पूरन की आक्रामकता को बयां करता है।वहीं, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सीजन में अब तक सबसे ज्यादा चौके लगाए हैं। उन्होंने 42 चौके लगाए हैं और दूसरे स्थान पर मौजूद जोस बटलर ने 40 चौके लगाए हैं। तीसरे नंबर पर एलएसजी के मिशेल मार्श हैं, जिन्होंने अब तक 33 चौके लगाए हैं। जीटी विकेट के मामले में भी टॉप पर मौजूद हैं। उनके गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा 8 पारियों में 16 विकेट हासिल कर चुके हैं। उनकी औसत केवल 14.12 की रही है। जीटी के ही साई किशोर ने 8 पारियों में 12 विकेट हासिल किए हैं। वह सीजन में सर्वाधिक विकेट के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद 8 पारियों में 12 विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी औसत साई किशोर की तुलना में ज्यादा है। अगर सबसे किफायती गेंदबाजों की बात करें तो केकेआर के वरुण चक्रवर्ती ने कसी हुई गेंदबाजी करके अब तक सीजन का बेस्ट इकॉनमी रेट बनाए रखा है। उनका इकॉनमी केवल 6.48 का है। दूसरे स्थान पर कुलदीप यादव मौजूद हैं, जिन्होंने 6.50 की इकॉनमी निकाली है।

## धोनी बोले, हर दिन पांच लीटर दूध पीने की कहानी सही नहीं

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बारे में कहा जाता रहा है कि वह प्रतिदिन पांच लीटर दूध पीते हैं पर अब एक कार्यक्रम में धोनी ने इसे गलत बताया है और कहा है कि ये गलत है। धोनी ने कहा कि एक औसत व्यक्ति प्रतिदिन 5 लीटर दूध नहीं पी सकता। उन्होंने कहा कि मैं शायद दिन भर में एक लीटर दूध पीता था पर चार लीटर किसी और ने जोड़ दिया। रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर बाहर होने के बाद एक बार फिर धोनी को चेन्नई सुपरकिंग्स सीएसके की कप्तानी दी गयी है। धोनी ने गत दिन कहा कि टीम अगर इस बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी तो अगले सत्र के लिए योजनाएं तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कुछ कमजोरियां हैं जिन्हें दूर किया जाएगा। अभी सामने जितने भी खेल हैं, उनमें से हमें जीतना है, हम एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे और अगर हम कुछ हार जाते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन प्राप्त करना अहम रहेगा। उन्होंने कहा कि आप नहीं चाहते कि बहुत सारे खिलाड़ी बदले जाएं, जो महत्वपूर्ण होगा वह है प्रयास करना और क्वालीफाई करना, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो अगले साल के लिए सुरक्षित 11 प्राप्त करना और मजबूत वापसी करना ही हमारा लक्ष्य होगा।



## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टैकपोल का निधन

सिडनी (ए)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर कीथ स्टैकपोल का निधन हो गया है। स्टैकपोल 84 साल के थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। उनके परिवार में पत्नी पैट और बच्चे पीटर, टोनी और एंजेला हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया पर अपने शोक संदेश में कहा, हम सभी स्टैकपोल के निधन से दुखी हैं। वह एक सच्चे विक्टोरियन और ऑस्ट्रेलियाई थे, जिन्होंने खेल को जज्बे, साहस और सम्मान के साथ खेला। 1968 की एशेज सीरीज के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं मिली थी पर 1972 में उन्हें उपकप्तान बनाया गया। तब कप्तान इयान चैपल थे और उस सीरीज में स्टैकपोल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सबसे ज्यादा 485 रन बनाए थे।

## आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी का मुकाबला

बेंगलुरु (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में उतरते हुए आरसीबी का लक्ष्य घरेलू मैदान पर हार के सिलसिले को तोड़ना रहेगा। आरसीबी को यहां अभी तक हुए तीनों मैचों में हार मिली है हालांकि टीम अन्य मैदानों पर अच्छे प्रदर्शन के कारण अंक तालिक में शीर्ष चार टीमों में शामिल है। अब तक के मैचों में देखा गया है कि आरसीबी अपने घरेलू मैदान में सहज नहीं रही है और उसके बल्लेबाज और गेंदबाज यहां संघर्ष करते दिखे हैं , उसकी इसी कमजोरी का लाभ रॉयल्य टीम उठाना चाहेगी। रॉयल्स का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और उसके लिए प्लेऑफ में जगह बनाये रखने ये मैच जीतना जरुरी है। इस मैदान की पिच धीमी है और ऐसे में आरसीबी के बल्लेबाज उस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इस मैदान पर आरसीबी एक बार भी 200 रनों तक नहीं पहुंच पायी है।आरसीबी की बल्लेबाजी विराट कोहली पर टिकी है। विराट ने अभी तक इस सत्र में 64 की औसत से रन बनाए हैं पर जीत के लिए कप्तान रजत पाटीदार सहित अन्य बल्लेबाजों फिल साल्ट, देवदत्त पडिक्कल को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## 'इसे माफ नहीं किया जा सकता', पहलगाम में आतंकी हमले पर भारतीय खेल हस्तियों ने दी प्रतिक्रिया



नई दिल्ली (ए)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार शाम पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की देश की खेल हस्तियों ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले से बहुत दुखी और हैरान हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके साथ मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहा हूं। न्याय जरूर मिलेगा। कृपया सुरक्षित रहें। पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, आज कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से मेरा दिल टूट गया। मैं पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकवादियों की इस कायरतापूर्ण हरकत की कड़ी निंदा करता हूं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत हमारी बहादुर सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ एकजुट खड़ा है। न्याय जरूर होगा।भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने पोस्ट में लिखा, इस नीच हरकत में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिवार वालों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

# केएल राहुल ने वॉर्नर-कोहली का रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास, बने भारत के पहले बल्लेबाज





लखनऊ,(आरएनएस)। केएल राहुल ने मंगलवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में एलएसजी और डीसी के बीच खेले गए मैच में रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया. 42 गेंदों पर नाबाद 57 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलने के अलावा राहुल ने मैच में एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया.

वह आईपीएल में सबसे तेज 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए. राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और डेविड वार्नर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 135 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी.इसके बाद विराट कोहली (157), एबी डिविलियर्स (161) और शिखर धवन (168) पारियों में आईपीएल में सबसे तेज 5000 रन पूरे करने वाले पांच बल्लेबाजों की सूची में शामिल हैं. उन्होंने प्रिंस यादव की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की. केएल राहुल के अर्धशतक ने डीसी को एलएसजी के खिलाफ मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई.आईपीएल में केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा है, उन्होंने 130 पारियों में कुल 5006 रन बनाए हैं जिसमें 40 फिफ्टी और 4 सेंचुरी शामिल हैं. आईपीएल 2025 में भी राहुल अच्छा खेल रहे हैं और वो अब तक सात पारियों में 15(5), 77(51), 93*(53), 15(13), 38(32), 28(14) और 57*(42) रन बना चुके हैं.बता दें कि केएल राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और फिर वो सनराइजर्स हैदराबाद, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और लखनऊ के लिए खेल चुके हैं. इस सीजन वो दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं.दिल्ली कैपिटल्स ने 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए करुण नायर को छोड़कर उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टीम की जीत में योगदान देने के लिए बड़ी पारियां खेलीं. अभिषेक पोरेल ने 36 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 51 रन बनाए. और राहुल 42 गेंदों पर नाबाद 57 रन जबकि अक्षर पटेल ने 20 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए. दोनों बल्लेबाजों के अर्धशतक की बदौलत डीसी ने आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# विदेश समाचार

## भारत की जवाबी कार्रवाई के खौफ में पाकिस्तान, अधिकारियों की उड़ी नींद; अलर्ट पर एयरफोर्स

इस्लामाबादा (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में लोगों में आतंकवाद को लेकर गुस्सा है। पहलगाम में आतंकियों ने बर्बरता से 26 लोगों की हत्या कर दी। गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर पहुंच चुके हैं। इस बीच पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी एक प्रतक्रिया आई है। बता दें, पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को अपना निशाना बनाया है और 26 लोगों की हत्या कर दी। देश के अलग-अलग हिस्सों से कश्मीर घूमने पहुंचे सैलानियों को निशाना बनाकर आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया। इस हमले के बाद लोग सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**रात भर अलर्ट पर पाक वायु सेना**

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को डर सताने लगा है और भारत की कार्रवाई के खौफ में पाकिस्तानी वायुसेना रात भर अलर्ट मोड पर रही। फ्लाइट रडार डेटा में दर्ज पाकिस्तानी वायुसेना की असामान्य गतिविधियों से इसका पता चलता है। सोशल मीडियो प्लेटफॉर्म एक्स पर फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 स्क्रीनशॉट सामने आए हैं। स्क्रीनशॉट में पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख विमानों को कराची स्थित दक्षिणी वायु कमांड से लाहौर और रावलपिंडी के पास उत्तर में स्थित ठिकानों की ओर जाते देखा गया।

## चीन : बीजिंग में आग लगने के बाद ढहा पुल, आसमान में छाया धुएं का गुबार; दूर तक दिखी लपटें

बीजिंग,(आरएनएस)। बीजिंग के उत्तरपूर्वी शून्यी जिले से आग लगने की खबर सामने आई है, इस वजह से एक पुल ढह गया है। सोशल मीडिया पर इससे संबंधित फोटोज सामने आई हैं। बीजिंग नगर परिवहन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर लिखकर इस हादसे की जानकारी दी है। आयोग ने कहा-पुल में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, इस पुल को पहले ही यातायात के लिए बंद कर दिया गया था।

पुल के किनारे से निकला धुएं का गुबार

आयोग ने कहा कि सुबह आग लगने के बाद चाओबाई नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में आग बुझा दी गई। अधिकारी इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। पुल पर दोनों तरफ से पहुंच बंद कर दी गई और यातायात का मार्ग बदल दिया गया।सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पुल के किनारों से धुएं का गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस की गाड़ियां पुल तक पहुंच को रोकती नजर आईं और पास में दमकल गाड़ियां खड़ी थीं।

## इजरायल के गाजा में ताबड़तोड़ हमले, 14 लोगों की मौत; पानी के टैंकर और बुलडोजर किए नष्ट

यरुशलम,(आरएनएस)। गाजा में मंगलवार को इजरायल के हमले में 14 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। इसी के साथ इजरायली सेना ने मलबा हटाने के लिए अन्य देशों द्वारा गाजा में भेजे गए बुलडोजरों और अन्य भारी उपकरणों को भी नष्ट कर दिया।

भवनों का मलबा हटाने वाले उपकरण ध्वस्त

ये उपकरण गाजा में इजरायली बमबारी से ध्वस्त हुए भवनों का मलबा हटाने के लिए भेजे गए थे। ये उपकरण अरब देशों ने गाजा के प्रशासन को भेजे थे। इजरायल की हमास के खिलाफ 18 महीने की कार्रवाई में गाजा के ज्यादातर भवन बर्बाद हो गए हैं। वे ऐसे नहीं रह गए हैं कि उन्हें मरम्मत से ठीक किया जा सके। इन भवनों के मलबे के नीचे बड़ी संख्या में शवों के दबे होने की भी आशंका है। लगातार हो रहे हमलों के चलते गाजा में मलबा हटाने का कार्य नहीं हो सका है। गाजा में पहले से मौजूद बुलडोजर और अन्य उपकरणों के अतिरिक्त सहानुभूति रखने वाले देशों ने युद्धविराम के दौरान उपकरण भेजे थे।

## एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने अपनी मंगेतर से रचाई शादी

वॉशिंगटन (डीसी),(आरएनएस)। एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने अपनी मंगेतर और राइटर डायलन मेयर से ईस्टर के मौके पर शादी रचा ली। इस कपल ने अब फाइनली एक दूसरे का हाथ थाम लिया है और अपनी खुशी जाहिर की है। एक इंटरव्यू में स्टीवर्ट ने बताया कि मेयर ने उन्हें कैसे प्रपोज किया था।उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि मुझे प्रपोज किया जाए और डायलन ने ये बहुत ही अच्छे से किया। यह सच में बहुत प्यारा और इमोशनल था। स्टीवर्ट ने पहले एक सिंपल शादी करने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था, मैं घर पर रहना चाहती हूं, जैसे मैं एलए. में रहना चाहती हूं ताकि वहां हर कोई आ सके। मैं चाहती थी कि शादी बहुत ही करीबी लोगों की मौजूदगी से हो, एकदम शांति से। हम बस खड़े होकर एक दूसरे का हाथ थामे और फिर पार्टी करें। स्टीवर्ट और मेयर की मुलाकात सालों पहले एक फिल्म पर काम करते हुए हुई थी, लेकिन छह साल बाद एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी तक वे कभी साथ नजर नहीं आईं। अगस्त 2019 में उनके रोमांस की अफवाहें उड़ीं और सितंबर तक, स्टीवर्ट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह सगाई करने के लिए बेताब हैं। स्टीवर्ट ने मेयर से शादी करने के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं बहुत लकी महसूस करती हूं, इस दुनिया में किसी को बेहतर तरीके से जानना बहुत अच्छा है। मैं बहुत खुश और एक्साइटेड हूं। उन्होंने कहा कि वह विदेश में नहीं, बल्कि लॉस एंजिल्स में शादी करना चाहते हैं, ताकि उनका परिवार इसमें शामिल हो सके।



## इस दिन होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार, वेटिकन सिटी में शुरु हुई तैयारियां; अंतिम दर्शन के लिए रखा गया शव

वेटिकन सिटी (आरएनएस)। रोमन कैथोलिक कार्डिनल्स ने मंगलवार को फैसला किया कि पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सेंट पीटर्स स्क्वायर में होगा। इस औपचारिक समारोह में दुनिया भर के तमाम दिग्गज उपस्थित रहेंगे। लंबी बीमारी के बाद 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह स्ट्रोक और कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया था। वेटिकन के अनुसार, हाथ में माला लिए हुए परंपरागत वेशभूषा पहने पोप के शव को खुले ताबूत में उनके निवास सैंटा मार्टा में रखा गया है। इटली के राष्ट्रपति सर्गियो मैटरेल्ला ने पोप के निवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि दी।



### शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

मंगलवार को एक बैठक में रोम के सभी कार्डिनल्स ने अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बुधवार सुबह उनका ताबूत सेंट पीटर्स बैसिलिका पहुंचेगा, जहां शुक्रवार शाम सात बजे तक इसे अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। हालांकि, नए पोप के चयन की प्रक्रिया और कार्यक्रम की घोषणा होना बाकी है। फिलहाल नए पोप का कोई स्पष्ट दावेदार नजर नहीं आ रहा है। शनिवार सुबह 10 बजे सेंट पीटर्स बैसिलिका के सामने बने सेंट पीटर्स स्क्वायर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पहली बार पुतिन के बेटे की तस्वीर सामने आई: टेलीग्राम चैनल ने दो फोटो जारी की; 4 साल का एक छोटा भाई भी



मॉस्को,(ए)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बेटे की तस्वीर पहली बार दुनिया के सामने आई है। ब्रिटिश मीडिया के हवाले से दो तस्वीरें जारी की हैं। इन्हें लेकर दावा किया जा रहा है कि ये दोनों तस्वीरें पुतिन के बेटे इवान व्लादिमीरोविच पुतिन हैं। जिनकी मां का नाम एलिना काबेवा है, जो एक जिमनास्ट हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इवान 10 साल का है और लोगों से बहुत कम बातचीत करता है और अपना ज्यादातर वक्त सिक्योरिटी गार्ड्स और टीचर के साथ ही गुजारता है। इवान का एक छोटा भाई व्लादिमीर जूनियर भी है, जिसकी उम्र 4 साल है, लेकिन आजतक उसकी कोई तस्वीर सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संभवत: यह पहली बार है जब पुतिन के बेटे की तस्वीर सामने आई है।

# व्यापार युद्ध में चीन का बड़ा दांव, अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की सप्लाई रोकी; संकट में ये बड़ी कंपनियां





बीजिंग (आरएनएस)। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं, अमेरिका और चीन के बीच चल रहा व्यापार युद्ध अब एक नए और गंभीर मोड़ पर पहुँच गया है। अमेरिका द्वारा चीनी सामानों पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चीन ने अब अमेरिका को महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिज तत्वों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी है, जिसकी पुष्टि सीमा शुल्क के ताजा आंकड़ों से होती है।साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट और आंकड़ों के अनुसार, सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों में प्रमुखता से इस्तेमाल होने वाले टेल्यूरियम धातु के निर्यात में लगभग 44 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, जबकि टंगस्टन रॉड के शिपमेंट में 84 प्रतिशत और अन्य टंगस्टन उत्पादों के निर्यात में 77 प्रतिशत की चौंकाने वाली कमी दर्ज की गई है। मोलिब्डेनम पाउडर, बिस्मथ उत्पादों और टंगस्टन सामग्री की कुछ अन्य श्रेणियों का शिपमेंट तो पूरी तरह से रोक दिया गया है। यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा फरवरी में चीनी आयातों पर भारी टैरिफ लगाने के बाद शुरू हुई है। पहले चीन ने अमेरिकी बोइंग विमानों के ऑर्डर रद्द करने जैसे कदम उठाए थे, लेकिन अब उसने दुर्लभ खनिजों के निर्यात को अपना हथियार बनाया है। चीनी नियमों के अनुसार, इन खनिजों के निर्यात के लिए सरकारी मंजूरी अनिवार्य होती है, और बढ़ते व्यापार तनाव के बीच, चीन सरकार ने अमेरिका को होने वाले निर्यात पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। माना जा रहा है कि चीन इस दबाव के ज़रिए अमेरिका को टैरिफ कम करने के लिए मजबूर करना चाहता है। इन दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर रोक लगने से अमेरिका के कई महत्वपूर्ण उद्योग संकट में आ गए हैं, जिनमें सोलर पैनल, थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन निर्माता और यहाँ तक कि अत्याधुनिक सैन्य उपकरण बनाने वाले उद्योग भी शामिल हैं, क्योंकि ये इन खनिजों पर चीन पर ही निर्भर हैं।

### कौन हैं सऊदी अरब के स्लीपिंग प्रिंस? कोमा में रहते हुए मनाया 36वां जन्मदिन, 20 साल पहले हुआ था भयानक हादसा

यूएई,(आरएनएस)। सऊदी अरब के प्रिंस अल-वलीद बिन खालिद बिन तलाल, जिन्हें अक्सर स्लीपिंग प्रिंस कहा जाता है, उन्होंने पिछले हफ्ते अपना 36वां जन्मदिन मनाया। लेकिन यह जन्मदिन भी उनकी लगभग दो दशक लंबी बेहोशी की हालत में ही बीता। 2005 में लंदन में एक कार दुर्घटना में गंभीर ब्रेन इंजरी के बाद वे कोमा में चले गए थे और तब से अब तक इसी अवस्था में हैं। प्रिंस अल-वलीद पिछले लगभग 19 सालों से वेंटिलेटर और फ़ीडिंग ट्यूब की मदद से जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। उन्हें रियाद के किंग अब्दुलअज़ीज़ मेडिकल सिटी में एक समर्पित मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी स्थिति में इन वर्षों में बहुत कम बदलाव आया है। 2019 में एक समय ऐसा आया था जब उनकी उंगलियों में थोड़ी हरकत देखी गई थी और उनका सिर भी हल्का सा हिला था। यह खबर उन लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनी, जो अब भी उनके ठीक होने की दुआ करते हैं।

# तेज धूप में गायत्री परिवार की आदिवासी तेजस्वी बालिकाऐं दे रही है घर घर दस्तक

## शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का नागरिकों को दिया जा रहा है आमंत्रण
## कलश यात्रा में शामिल होंगी दो हजार पांच सौ कलशधारी बहनों और ग्यारह सौ कन्याएं

सीहोर( निप्र)। आदिवासी तेजस्वी बालिकाऐं तेज धूप में बुधवार को शहर के गली मोहल्लों बाजारों घरों दुकानों पर दस्तक देती दिखाई दी। बालिकाओं ने मधुर भजनों के साथ नागरिको को शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आमंत्रण पत्र दिया। यही नहीं भगवा वस्त्रधारी बालिकाओं ने सनातन धर्मियों को देश को आखंड बनाने और गायत्री महायज्ञ एवं कलश यात्रा में सम्मिलित होने का संकल्प भी दिलाया।गायत्री शक्तिपीठ द्वारा शहर के माधव आश्रम सेकड़ाखेड़ी के पास आयोजित होने वाले शक्ति संवर्धन108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इतिहास का पहला 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। गायत्री परिवार युवा महायज्ञ समिति के सह संयोजक मनोहर दांगी ने बताया की महायज्ञ के



प्रचार प्रसार के लिए खंडवा जिले से गायत्री परिवार की रिंकी,चेतना,दीक्षा,चीमा, पंक्षी,अहाना,रविना बंसिका आदि के द्वारा अबतक बैसाली नगर, कस्बा, मंडी, गंज गंगा आश्रम क्षेत्रों में घर घर पहुंचकर भजनों के साथ यज्ञ का आमंत्रण दिया जा रहा है।दांगी ने बताया कि 2500 कलशधारी बहनों एवं 1100 कन्याओं की सहभागिता से 108 कुंडी यज्ञ की कलश यात्रा निकल जाएगी। शांतिकुंज हरिद्वार की शेफाली दीदी ब्रह्म वादिनी बहनों द्वारा महायज्ञ संपन्न कराया जाएग। गायत्री परिवार के द्वारा 27 अप्रेल दिन रविवार को दोपहर 3 से गायत्री शक्तिपीठ से अद्भुत घोड़े बागी झांकियां आदिवासी नृत्य करती हुई बालिकाओं के साथ कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा निकाली जाएगी। विशेष सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहल के अंतर्गत 500 जोड़ी वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। महायज्ञ के पूणाहजुति दिवस पर 500 वृक्षों का वितरण भी किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ने अभिभावकों एवं बालिकाओं से आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

# शा.उ.मा.वि.मुंगावली बना तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान



सीहोर( निप्र)। राष्ट्रीय तंबाकू मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में शासकीय उ.मा. वि. मुंगावली का चयन तंबाकू मुक्त संस्थान के रूप में किया गया। इस उपलक्ष में दिनांक 23/04/2025 को सुश्री सलोनी शर्मा सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीहोर एवं डॉ नेहा सिंह जिला चिकित्सालय सीहोर द्वारा मूल्यांकनकर्ता रूप में उपस्थित होकर संस्थान परिसर एवम 100 गज दूरी के प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं को तंबाकु के दुष्प्रभावो के बारे में जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर संस्था प्राचार्य आर डी सोलंकी एवं शिक्षक गण भैरोसिंह शाक्य, रितेश राठौर, घनश्याम मोहनिया, जितेंद्र बड़ौदिया,तरुण बैरागी,मुकेश कुमार, घनश्याम दोगने, ओ पी शर्मा, कमलेश वर्मा ,विश्वजीत राय,जन शिक्षक राजेश चौहान, धर्मेंद्र मालवीय को महिला शिक्षिका श्रीमती पूजा गांधी, श्रीमती अंजू दोगने, श्रीमती प्रमोद खत्री, श्रीमती ज्योति त्यागी, श्रीमती रेखा विश्वकर्मा सहयोगी के रूप में हेमंत कुमार एवं देवेंद्र चंदेल उपस्थित रहे।

# तंबाकू मुक्त शिक्षण अभियान के तहत अधिकारियों ने किया स्कूलों को निरीक्षण




सीहोर( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने एवं तंबाकू से होने वाले हानिकारक एवं जानलेवा बीमारियों से अवगत कराने एवं उनका बचाव करने के उद्देश्य से जिले में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्कूल कॉलेज का शासन द्वारा जारी मापदंडों के अनुसार निरीक्षण कर उन्हें तंबाकू मुक्त घोषित किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ग्राम जताखेडा स्थित शासकीय हाई स्कूल एवं ग्राम मुंगावली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तंबाकू मुक्त शिक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का जिला तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉ नेहा सिंह एवं शिक्षा विभाग की सहायक संचालक सुश्री सलोनी शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोटपा एक्ट के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

# जल संकट को देखते नवीन नल कनेक्शन पर 1 अगस्त रोक

सीहोर( निप्र)। शहरवासियों को एक दिन छोडकर पानी दिया जा रहा है, करीब 19 हजार से अधिक कनेक्शनधारी नगर पालिका के वैध है, इसके अलावा दो हजार से अवैध नल कनेक्शन शहर में लगे हुए है। वहीं जल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा आदेश के बाद बोर खनन आदि पर रोक लगाई है, वहीं नगर पालिका ने गुरुवार से आगामी 1 अगस्त तक नवीन नल कनेक्शन पर रोक लगाई है।

इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा नगर पालिका सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें पार्षद के अलावा नगर पालिका अमला शामिल था। बैठक के दौरान जलकर की राशि की वसूली के संबंध के अलावा नवीन कनेक्शन पर रोक लगाए जाने के बारे में चर्चा की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नपा के सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि आगामी 1 अगस्त तक शासन के आदेशानुसार गुरुवार से रोक लगाई जा रही है।

# पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजली, नपा सभाकक्ष में शोक सभा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा- हिंसा से नहीं डरेगा देश

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा-आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है



सीहोर( निप्र)। बुधवार को शहर के नगर पालिका सभा कक्ष में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अगुवाई में यह कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुआ कायराना हमला निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों को कडी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बडा खतरा है। उन्होंने बताया कि सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने अपने सारे कार्यक्रम स्थगित करते हुए शोक सभा का आयोजन कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में बडी संख्या में शहर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने पूरी एकजुटता के साथ आतंकी घटना की कडी निंदा की। उन्होंने इस घटना को कायरतापूर्ण करार दिया। सिंह ने कहा कि देश इस तरह की हिंसक घटनाओं से नहीं डरेगा। उन्होंने पीडित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश में शांति और एकता की कामना की।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां



सीहोर(निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं।

# भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में आतंकवाद का पुतला दहन




सीहोर( निप्र)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदुस्तानियों की हत्या के विरोध में भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में सीहोर विधायक सुदेश राय सहित भाजपा के लोगों ने कोतवाली चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश जताया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि पहलगाम में हुए घटनाक्रम से पूरे देश में आतंकवाद के खिलाफ माहौल व्याप्त है। बुधवार की रात्रि को मंडल के तत्वाधान में शहर के लीसा टाकीज चौराहे से रैली निकालकर शहर के कोतवाली चौराहे पर पुतला दहन किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सीताराम यादव, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सन्नी महाजन, राजकुमार गुप्ता, रिंकू जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के अलावा बडी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे।इस मौके पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए देशवासियों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खडे होने का आह्वान किया। जम्मू-कश्मीर में निर्दोष हिंदुस्तानियों की हत्या कायराना हरकत है, जिसे भारत कभी सहन नहीं करेगा।

# प्रदेश में मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन

## 4 हजार ग्रामों और 356 शहरी वार्डों में हुआ योग समितियों का गठन

सीहोर( निप्र)। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा योग के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये मध्यप्रदेश योग आयोग का गठन भी किया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह योग आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रदेश के 52 जिलों में जिला योग समितियां और 313 विकासखंडों में विकासखंड योग समितियों के गठन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इन जिलों में लगभग 4 हजार ग्रामों में और शहरी क्षेत्र के 356 वार्डों में योग समितियों का गठन किया गया है।

योग आयोग पोर्टल

मध्यप्रदेश योग आयोग का पोर्टल www.mpyogaayog.in तैयार कर एनआईसी पर संचालित किया जा रहा है। पोर्टल पर योग आयोग की समस्त जानकारियां, जिला योग प्रभारियों एवं विकासखंड योग प्रभारियों की व्यक्तिगत जानकारी, योग से निरोग कार्यक्रम में सहयोग देने वाले योग शिक्षकों की जानकारी को प्रदर्शित है। मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के लिये उपयुक्त भवन और भूमि उपलब्ध कराने के लिये कलेक्टर्स को पत्र लिखा गया है। वर्तमान में 14 जिलों ग्वालियर, मुरैना, दतिया, राजगढ, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, देवास, नीमच, सिवनी, छिंदवाडा, नरसिंहपुर, दमोह और शहडोल में मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हो रहे हैं। स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिये 10 मिनट का प्रोटोकॉल मध्यप्रदेश योग आयोग द्वारा तैयार किया गया है। इसमें आसन, प्राणायाम एवं ध्यान शामिल किये गये हैं।

# गेंहू उपार्जन के लिए किसान 30 अप्रैल तक कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

सीहोर ( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले में गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, जो 05 मई तक चलेगा। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए किसानों द्वारा गेंहू विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, अर्थात् किसान अपनी उपज विक्रय के लिए 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# तीन दिनों तक दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह पर उर्स होगा आयोजित, मशहूर कव्वाल पेश करेंगे कलाम

## प्रतिष्ठित राय परिवार बाबा की मजार पर चड़ाएगा चादर



सीहोर( निप्र)। हजरत दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय उर्स मुबारक आयोजित किया जाएगा। उर्स में सोमवार 5 मई को मिलाद शरीफ होगा और प्रतिष्ठित राय परिवार के मुखिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय विधायक सुदेश राय और नीलेश राय के द्वारा बाबा की मजार पर चादर चड़ाई जाएगी।उर्स को लेकर हजरतुल्लाह बादशाह बाबा दरगाह हिंदू मुस्लिम सर्वधर्म कमेटी के द्वारा दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गई। कमेटी के महासचिव नौशाद खान ने बैठक की अध्यक्षता की गई सर्वसहमति से उर्स कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान और उपाध्यक्ष हमीद हाजी को चुना गया। उर्स में 6 मई की रात राजस्थान कोटा के मशहूर कव्वाल गुलाम हुसैन और 7 मई बुधवार की रात भोपाल के कव्वाल मुकर्रम वारसी,कव्वाल कासम झंकार, तारिख मियां अपना कलाम पेश करेंगे।महासचिव नौशाद खान ने बताया कि बीते 57 वर्ष बड़ी धूमधाम से बाबा की दरगाह में हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ उर्स मनाया जा रहा है।

प्रति वर्ष नगर पालिका,विघुत वितरण कंपनी और राजस्व पुलिस विभाग के द्वारा उर्स में आने वाले लोगों के लिए शासकीय तौर पर बिजली, पानी साफ सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है। उर्स मेले में काफी लोग अपनी खाने पीने खिलौने की दुकाने सड़क के किनारे लगाएंगे। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल से हजारों लोग उर्स में शिरकत करेंगे। बैठक में हज़रत दूल्हा बादशाह कमेटी सीहोर अजहर बाबा

खादिम अनवर बाबा भवरदादा रईस मंत्री प्रलाद पटेल यामीन विजली-पप्पू बाबा असार- शावेज. अन्नीवाबा टप्पू अनीबा बा कराज पडान कहाद अय्यूब आदि शामिल है।

# अधिक किराया लेने वाले 20 बसों एवं वाहनों पर की गई 20,500 रुपये की चालानी कार्रवाई

सीहोर (निप्र)। जिला परिवहन विभाग द्वारा अधिक किराया लेने एवं मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 20 बसों एवं वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत 20,500 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई है। जिला परिवहन अधिकारी रीतेश तिवारी ने बताया कि मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत एवं परमिट शर्तों के तहत सभी बसों का संचालन किया जाना आवश्यक है, इसके बाद भी जिले में बसों एवं वाहन संचालकों द्वारा अधिक किराया लेने, वाहन में ओवरलोडिंग करने, वाहन में अग्नि शामक यंत्र नही लगाने संबधी शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही लम्बी दूरी की स्थायी परमिट की बसों के द्वारा परमिट शर्तों के आधार पर सीहोर बस स्टैंड पर ना पहुँचने संबंधी शिकायतें भी प्राप्त हो रही है।

# कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग सीहोर

प्र.क्र. 009/अ-82/2022-23 | सीहोर दिनांक 11/04/2025

## -: अधिसूचना :-

**[अंतर्गत धारा-11 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( क्रं30 सन् 2013 ),]**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है इसके संलग्न सूची खाने (4) में वर्णित भूमि एवं खाने (4) में वर्णित मकानों की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता हैं, अथवा आवश्यकता पडनें की संभावना है।

अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र 30 सन् 2013) की धारा 11 के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची-1 के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है।

**अनुसूची ( 1 )**
**भूमि का वर्णिन**

| जिला | तहसील/ग्राम | क्षेत्रफल ( हेक्ट. ) | धारा 12 हेतु अधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| सीहोर | जावर/हरनियागांव | 13.860 | कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग सीहोर | कान्याखेडी परियोजना बांध निर्माण से डूब प्रभावित हेतु पूरक भू-अर्जन |

**अनुसूची ( 2 )**
**भूमि/संपत्ति का विवरण**

तहसील :- जावर | जिला:- सीहोर

| स.क्र. | कृषक का नाम व पिता/पति का नाम | सर्वे नंबर | कुल रकबा ( हेक्ट. ) | अर्जित रकबा ( हेक्ट. ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कमल सिंह कैलाश सिंह राजेंद्र सिंह पिता अमर सिंह लीलाबाई सावत्रा बाई पुत्री अमर सिंह जाति सेंधो नि. ग्राम भूमिस्वामी | 219/1/16 | 0.505 | 0.250 | |
| 2 | धरमसिंह इंदरसिंह बलवान सिंह पिता करण सिंह शैतान बाई प्रेमबाई धनकुवर पुत्री करण सिंह जाति सेंधो नि. ग्राम भूमिस्वामी | 219/1/1/10/2 | 0.157 | 0.157 | |
| 3 | सोबाल सिंह आ. मोती सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 246/2/4/2(S) | 1.066 | 1.066 | |
| 4 | सोबाल सिंह आ. मोती सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 246/2/6/2(S) | 0.203 | 0.203 | |
| 5 | सावित्र बाई पुत्री पदम सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 246/2/8/2(S) | 1.324 | 1.324 | |
| 6 | अनार सिंह पिता उमराव सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 246/2/10/2(S) | 0.677 | 0.677 | |
| 7 | देवेन्द्र सिंह प्रदीप सिंह आ. रतन सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 246/2/13/2(S) | 0.798 | 0.798 | |
| 8 | मिसरबाई बेवा बूला जाति बलाई नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/1/2 | 6.070 | 1.700 | |
| 9 | राजाराम पिता रामप्रसाद जाति खाती नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/1/3/1 | 0.775 | 0.405 | |
| 10 | नरबत सिंह आ. बापू सिंह जाति बलाई नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/1/8 | 1.011 | 0.680 | |
| 11 | संतोष आ. मोतिसिंह हि. 1/4 भाग जीवन आ. मोतिसिंह हि. 1/4 भाग सतीष आ. मोतिसिंह हि. 1/4 भाग सोनू आ. मोतिसिंह हि. 1/4 भाग जाति खाती नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/1/10 | 1.518 | 0.200 | |
| 12 | कालू आ. सेवा जाति बलाई नि. ग्राम भूमिस्वामी शासन द्वारा प्रदत्त | 336/1/3/1/1 | 2.023 | 0.805 | |
| 13 | मेहरवानसिंह पिता सिद्वीया जाति बलाई नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/3/1 | 0.607 | 0.365 | |
| 14 | रंजीत सिंह पि. सिदया जाति बलाई नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/3/2 | 0.607 | 0.280 | |
| 15 | प्रेमनारायण पि. सिदया जाति बलाई नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/3/3 | 0.607 | 0.215 | |
| 16 | फुलसिंह पि. सिदया जाति बलाई नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/3/950 40000 | 0.607 | 0.215 | |
| 17 | अशोक आ.दलिप सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/4/2/3 | 2.023 | 0.215 | |
| 18 | देवबाई पत्नि मांगीलाल जाति बलाई नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/6 | 1.011 | 0.505 | |
| 19 | कमल आ. चेना जाति बलाई नि.ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/3/10 | 1.011 | 0.800 | |
| 20 | कुमेर सिंह पिता दलीप सिंह जाति सुतार नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/5/2 | 0.405 | 0.405 | |
| 21 | तखत सिंह पिता दौलत सिंह जाति सेंधो नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/1/7/3 | 0.405 | 0.405 | |
| 22 | ठाकुर सिंह आ. प्रहलाद हि. 1/4 भाग संतोष आ. प्रहलाद हि. 1/4 भाग इन्दर आ. प्रहलाद हि. 1/4 भाग सुनीता पुत्री प्रहलाद हि. 1/4 भागजाति बलाई नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/3/1/3/1 | 1.214 | 1.214 | |
| 23 | अशोक आ. दलिप सिंह एलुबाई बेवा दलिपसिंह जाति सेंधो नि. ग्राम भूमिस्वामी | 336/4/2/2, 336/1/3/4/2/2 | 3.238 | 0.900 | |
| 24 | कोशल्याबाई पुत्री विजेन्द्र सिंह जाति सेंधो नि.ग्राम भूमिस्वामी | 337/4/2 | 0.076 | 0.076 | |
| | **योग** | | **27.938** | **13.860** | |

1. भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी अनुविभाग आष्टा जिला सीहोर के कार्यालय में किया जा सकता है।
2. प्रकरण में धारा-11 के प्रकाशन उपरांत धारा-12 अंतर्गत प्रारंभिक सर्वेक्षण प्रारंभ उपरोक्त भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों (मकानों) यदि उपस्थित हो, का मापन कर विस्तृत ब्यौरे धारा-19 के अंतर्गत प्रकाशित किये जावेंगे।
3. प्रकरण के प्रकाशन उपरांत धारा-15 अंतर्गत विहित 60 दिवस के भीतर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी अनुविभाग आष्टा जिला सीहोर के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है।

**भू-अर्जन अधिकारी**
**आष्टा**

**जी/11854/25**

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**( बालागुरू के. )**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन**
**राजस्व विभाग, जिला सीहोर**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com